


दैनिक


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 328

ग्वालियर, गुरुवार 18 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## मंकीपॉक्स का टीका बनाने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट समेत 29 कंपनियों को शार्टलिस्ट किया

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स की वैक्सीन बनाने के लिए 29 कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी-पुणे) के सहयोग से वैक्सीन और डायग्नोस्टिक किट विकसित करने के लिए 29 फार्मा कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अंतिम रूप से तय किया जाएगा कि वैक्सीन कौन पंपनी बनाएगी। कोरोना की तरह अब मंकीपॉक्स के टीके को लेकर भी देश की दो बड़ी कंपनियों के बीच होड़ है। सीरम इस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, बायोलॉजिकल ई, हाफकाइन इस्टीट्यूट मुंबई और इंडियन इम्यूनोलॉजिकल इस्टीट्यूट से आवेदन मिले हैं। आईसीएमआर के मुताबिक फार्मा कंपनियों की तरफ से कुल 31 आवेदन मिले हैं। आईसीएमआर की पिछली बैठक में 29 आवेदनों को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। आईसीएमआर को देश की 8 फार्मा कंपनियों ने भी आवेदन भेजे हैं, जबकि 23 कंपनियों ने टेस्टिंग किट बनाने में दिलचस्पी दिखाई है। पिछली बार कोरोना रोधी कोवैक्सीन बनाने के लिए हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक कंपनी सबसे आगे रही थी। इस बार पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया भी सरकार के साथ मिलकर मंकीपॉक्स का टीका बनाना चाहती है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ हुई बैठक में कई कंपनियों ने रुचि दिखाई थी। मांडविया के साथ ऑनलाइन बैठक में भारत बायोटेक और सीरम दोनों कंपनियों ने जल्द से जल्द मंकीपॉक्स का तोड़ निकालने का दावा किया था। इसके लिए इन्हें जीवित वायरस की आवश्यकता पड़ेगी जिसमें आईसीएमआर सहयोग करेगा। भारत में मंकीपॉक्स के अब तक 10 मरीज मिल चुके हैं। दिल्ली में ही पांच मरीज मंकीपॉक्स के मिले हैं। देश में मंकीपॉक्स का पहला मामला केरल के कोल्लम जिले में 14 जुलाई को सामने आया था। भारत में मंकॉपॉक्स से एक मरीज की अब तक मौत हुई है। दुनिया भर में अमेरिका और यूरोप में इस बीमारी के सबसे ज्यादा केस हैं। इस साल विश्व स्तर पर 80 से अधिक देशों में मंकीपॉक्स के 31,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।




## कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाला आतंकी वानी का मकान होगा कुर्क, पिता और तीन भाई गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शोपियां में कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाले आतंकी आदिल वानी के मकान को कुर्क करने की प्रक्रिया बुधवार को शुरू कर दी। जबकि उसे शरण देने के आरोप में उसके पिता तथा तीन भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आदिल वानी ने सुनील कुमार भट की हत्या कर दी थी और बाद में कुटपोरा में अपने घर में छिप गया था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया लेकिन वानी पुलिस दल पर ग्रेनेड फेंकने के बाद अंधेरे में फरार हो गया। वह प्रतिबंधित आतंकवादी समूह अल-बद्र का आतंकवादी है। पुलिस ने तलाश अभियान के दौरान वानी के घर से हथियार तथा गोला बारुद बरामद किया, जिसके बाद प्राधिकारियों ने मकान को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की और उसके पिता तथा तीन भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। चश्मदीदों और सुनील कुमार के रिश्तेदार ने हमलावर के तौर पर वानी की पहचान की थी।



## बीते 24 घंटे में सामने आए 9062 नए कोरोना केस, 36 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के संक्रमण के रफ्तार में थोड़ी कमी आई है। पिछले सप्ताह तक हर रोज़ औसतन 14-15 हज़ार केस सामने आ रहे थे। अब यह संख्या 10 हज़ार से नीचे आ गई है। बीते 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 9062 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान 36 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 1,05,058 हो गई है, जबकि डेली पॉजिटिविटी रेट 2.49 फीसदी पर है।

महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 836 नए मामले दर्ज किए गए, जो एक दिन पहले की तुलना में 353 कम हैं। जबकि राज्य में संक्रमण के कारण दो और मरीजों की मौत हो गई। राज्य में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 80,74,365 हो गए, जबकि मृतकों की संख्या 1,48,174 तक पहुंच गई। मुंबई में 332 नए मामले सामने आए। राज्य में मंगलवार को दोनों मरीजों की मौत भी मुंबई में हुई। राज्य की कोविड-19 मृत्यु दर 1.83 प्रतिशत थी, जबकि ठीक होने की दर 98.02 प्रतिशत थी। पिछले 24 घंटों में 1,224 मरीजों ने संक्रमण को मात दी, और अब तक राज्य में कुल 79,14,433 मरीज स्वस्थ हो गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 917 मामले सामने आए और तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। इस दौरान दैनिक संक्रमण दर 19.20 प्रतिशत दर्ज की गयी। स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को आए इन नए मामलों के साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 19,86,739 हो गई और अब तक 26,392 मरीज संक्रमण के कारण जान गंवा चुके हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि 917 नए मामले सोमवार को किए गए 4,775 नमूनों के परीक्षण में सामने आए। राजस्थान में मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित तीन और मरीजों की मौत हो गई वहीं 191 नये मामले सामने आये हैं। सवाई माधोपुर, जयपुर और श्रीगंगानगर में कोरोना वायरस से संक्रमित एक-एक मरीज की मौत हो गई। राज्य में अब तक इस घातक बीमारी से 9596 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में 191 नये कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों के मिलने से राज्य में अब तक संक्रमित मरीजों की संख्या 13,02,114 पहुंच गई। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।



## गुजरात में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होगा : अशोक गहलोत

**वडोदरा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज वडोदरा में कहा कि गुजरात विधानसभा के आगामी चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होगा7 इस साल के अंत में होनेवाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसी कड़ी में कांग्रेस ने तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक का वडोदरा में आयोजि किया है7 मध्य गुजरात और उत्तर जोन की वडोदरा में हुई बैठक में कांग्रेस के मुख्य चुनाव निरीक्षक अशोक गहलोत मौजूद रहे7 बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में अशोक गहलोत ने कहा कि गुजरात मॉडल की बात करने वाले अब प्रधानमंत्री बन गए हैं7 गुजरात मॉडल खोखला था, लेकिन झूठा माहौल बनाकर उसे अच्छा बताया7 गुजरात मॉडल क्या है, यह अब जनता के सामने आ चुका है7 गुजरात में लोग परेशान हैं, केवल और केवल मैनेजमेंट हो रहा है7 गहलोत ने कहा कि कल मुझे उड़ान की मंजूरी नहीं दी गई और मैं करीब 4 घंटों तक एयरपोर्ट पर बैठा रहा7 आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में अशोक गहलोत ने कहा कि इसबार भी चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होगा।



## कांग्रेस के दो दिग्गज नेता नरेश रावल और राजु परमार भाजपा में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात चुनाव से पहले आज कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली7 कांग्रेस विधायक नरेश रावल और पूर्व सांसद राजु परमार पहले ही पार्टी से इस्तीफ देकर 17 अगस्त को भाजपा जॉइन करने का ऐलान कर चुके थे7 कुछ समय पहले नरेश रावल और राजु परमार ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की थी7 गुजरात विधानसभा के चुनाव जैसे जैसे निकट आ रहे हैं, वैसे वैसे राज्य में दलबदल के मौसम ने रफ्तार पकड़ ली है7 एक ओर भाजपा आगामी चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात एक कर रही है, दूसरी ओर कांग्रेस की अंदरुनी कलह तेज होती जा रही है7 चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं7 चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस के कई विधायक और पदाधिकारी भाजपा जॉइन कर चुके हैं, अब मेहसाणा जिले के कांग्रेस नेता और विधायक नरेश रावल और पूर्व सांसद राजु परमार ने आज भाजपा का दामन थाम लिया है7 गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने नरेश रावल और राजु परमार का भगवा पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया7 नरेश पटेल और राजु परमार कांग्रेस के दिग्गज नेता अहमद पटेल के ग्रुप का माना जाता था7 दोनों नेता लगातार अहमद पटेल के साथ दिखाई देते थे7 हांलाकि अहमद पटेल के निधन के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया है7 नरेश पटेल और राजु परमार के भाजपा जॉइन करने से कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं7 राजु परमार की दलित समाज पर मजबूत पकड़ है7 साथ ही मुस्लिम समाज के साथ भी वह काफी समय तक जुड़े रहे हैं।



## चुनाव में मुफ्त वाले वादों की आजादी चाहती है आप




### आप ने चुनावी भाषण और मुफ्त उपहारों के वादों को समीक्षा के दायरे से बाहर रखने की मांग की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने चुनावी भाषण और मुफ्त उपहारों के वादों को समीक्षा के दायरे से बाहर रखने की मांग की है। आप ने कहा कि चुनाव से पहले किए गए वादे, दावे और भाषण की आजादी अनुच्छेद 19.1.ए के तहत आते हैं। इन पर रोक कैसे लगाई जा सकती है। आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर शपथ पत्र में कहा कि अनिर्वाचित उम्मीदवारों द्वारा दिए गए चुनावी भाषण भविष्य की सरकार की बजटीय योजनाओं के बारे में आधिकारिक बयान नहीं हो सकते। वास्तव में वे नागरिक कल्याण के विभिन्न मुद्दों पर किसी पार्टी या उम्मीदवार के वैचारिक बयान मात्र हैं। यह नागरिकों को सचेत करने के लिए हैं ताकि वह मतदान में फैसला कर सके कि किसे वोट देना है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की पीठ के समक्ष सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह एक विशेषज्ञ समिति बनाकर मामले को देखना चाहता है, क्योंकि यह गंभीर मुद्दा है। कोर्ट ने प्रस्तावित समिति में वित्त आयोग, नीति आयोग, रिजर्व बैंक और सरकार के प्रतिनिधि होंगे। चुनाव आयोग ने इस समिति में शामिल होने से मना कर दिया था। आप ने कहा कि विशेषज्ञ समिति यदि बनाई ही जा रही है तो उसे वास्तविक वित्तीय खर्च को नियंत्रित करने का उपाए सुझाने चाहिए लेकिन ये सुझाव विस्तृत सामाजिक कल्याण के संवैधानिक मॉडल पर आधारित हों। चुनाव पूर्व मुफ्त योजनाओं का वादा करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में आई तो प्रदेश में बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ ही दिल्ली की तरह सभी निजी स्कूलों का ऑडिट कराया जाएगा। आप संयोजक केजरीवाल ने वादा किया कि इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद अगर उनकी पार्टी गुजरात में सत्ता में आई तो राज्य के मौजूदा सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार किया जाएगा और राज्य भर में बड़ी संख्या में नए स्कूल खोले जाएंगे।

## नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान कार मोटरसाइकिल चलाने वालों के लिए बड़ी खबर




**नई दिल्ली।** देश में मोटरसाइकिल, कार या अन्य वाहन चलाने वालों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल जल्द ही सभी पुराने वाहनों में नई नंबर प्लेट भी लगाई जाएंगी ताकि जीपीएस और अत्याधुनिक सिस्टम से वाहनों को मोनिटर किया जा सके। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ये जानकारी दी है। यह सरकार का देश में टोल प्लाजा को खत्म करने की योजना की दिशा में एक कदम होगा। गडकरी ने कहा कि नए वाहनों के लिए टैम्पर प्रूफ हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स का इस्तेमाल 2019 से शुरू किया गया था, जहां सरकारी एजेंसियां वाहनों के बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। अब, हमने पुराने वाहनों को भी यही प्लेट उपलब्ध कराने का फैसला किया है। मौजूदा समय में, आपको एक दूसरे से 60 किमी दूर स्थित टोल प्लाजा पर भी पूरा शुल्क देना पड़ता है। अब अगर आप हाइवे का इस्तेमाल सिर्फ 30 किमी के लिए करते हैं तो नई तकनीक की मदद से आपसे आधी कीमत ही ली जाएगी। गड़करी ने कहा कि केंद्र सरकार देश को जल्द ही टोल प्लाजा से मुक्त कराने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वाहनों का कोई ठहराव नहीं होगा और इसलिए, प्रदूषण कम होगा और इससे समय की भी बचत होगी और लोगों का फायदा होगा। नई टेक्नोलॉजी से वाहन चलाने वालों के बैंक खातों से सीधे पैसे काटे जा सकते हैं। आपका हेलमेट पहने होने के बावजूद 2000 रुपए का ट्रैफिक चालान कट सकता है। नए ट्रैफिक नियम के अनुसार नियम 194डी एमवीए के अनुसार आपका 1000 रुपए का चालान और अगर आपने दोषपूर्ण हेलमेट (बिना बीआईएस वाला) पहना है तो 194डी एमवीए के अनुसार आपका 1000 रुपए का चालान कट सकता है। ऐसे में हेलमेट पहने होने के बावजूद नए नियमों का पालन ना करने के कारण आपको 2000 रुपए का चालान भुगतना पड़ सकता है। हमारा मकसद आपको ट्रैफिक नियमों को लेकर जानकारी देते हुए जागरुक करना है। ताकि सड़क हादसों को भी रोका जा सके।

## कैशकांडः कांग्रेस के तीन विधायकों को कोलकाता हाईकोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

### पासपोर्ट अदालत में जमा करने का निर्देश, 3 महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा

**रांची।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 30 जुलाई को भारी कैश के साथ गिरफ्तार कांग्रेस के तीन विधायक समेत पांच लोगों को कोलकाता हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। कोलकाता हाईकोर्ट ने कई शर्त्तों के साथ कांग्रेस विधायकों को जमानत दी है। इसके तहत तीनों कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को पासपोर्ट जमा करना होगा और 3 महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा। अदालत ने तीनों विधायकों के साथ उनके दो अन्य सहयोगियों को भी जमानत दे दी है। बताया गया है कि अदालत की ओर से यह साफ गया है कि तीनों विधायकों को तीन महीने तक कोलकाता छोड़ कर बाहर या विदेश जाने की अनुमति नहीं होगी। यह भी जानकारी दी गयी कि विधायक इरफान अंसारी का पासपोर्ट रांची से कोलकाता ले जाया जा रहा है, वहीं विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप का पासपोर्ट नहीं है,ऐसे में उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से अदालत को यह आश्वस्त करना होगा कि वे कोलकाता छोड़ कर बाहर या विदेश नहीं जाएंगे। अदालत ने सभी को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है और सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद कांग्रेस के तीनों विधायकों के जेल से बाहर आ जाने की उम्मीद है। कांग्रेस के तीनों विधायकों को इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को 30 जुलाई को वाहन चेकिंग के दौरान हावड़ा के पांचला थाना क्षेत्र के रानीहाटी मोड़ के निकट से गिरफ्तार किया गया था।



## खास खबर

### चीन में सूखे के चलते घरों व कारखानों में की जा रही है बिजली कटौती

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में सूखे की स्थिति के कारण जलाशयों में पानी की कमी हो गई है, जिससे पनबिजली का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके बाद बिजली की कटौती की जा रही है। सिचुआन प्रांत में सौर पैनल निर्माताओं के साथ ही सीमेंट और यूरिया उत्पादन करने वाली कंपनियों को बंद कर उत्पादन कम कर दिया गया है। उन्हें पांच दिन तक बिजली की बचत करने का निर्देश दिया गया है। तापमान के बढ़ने के बीच एयर कंडीशन के लिए बिजली की बढ़ती मांग और जलाशयों में पानी की कमी के बाद प्रशासन ने उक्त आदेश दिया है। प्रांतीय सरकार ने आदेश में कहा कि बिजली आम लोगों के लिए छोड़ दी जाए। सिचुआन के आर्थिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मुताबिक, प्रांत की आबादी 9.4 करोड़ है और पनबिजली जलाशयों का स्तर इस महीने में करीब आधा रह गया है। सिचुआन के शहर डाझुओ में बिजली आपूर्ति कंपनी ने इस हफ्ते ढाई घंटे तक बिजली कटौती लागू की थी लेकिन इस कटौती को बुधवार को बढ़ाकर तीन घंटे तक कर दिया गया।

### एलन मस्क ने कहा, वहां रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों का समर्थन करते

**न्यूयॉर्क।** टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि वहां रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों का समर्थन करते हैं। जबकि तीन महीने पहले उन्होंने ऐलान किया था कि वहां रिपब्लिकन को वोट देने वाले हैं। उन्होंने ये बातें ट्वीट कर कहीं। खास बात ये है कि वहां रिपब्लिकन केविन मैकार्थी के लिए फंड इकट्ठा करने के एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं। पिछले दिनों टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने दावा किया था कि एलन मस्क ने राज्य के गर्भपात विरोधी कानूनों का समर्थन किया था। इसके बाद मस्क ने कहा था कि वहां राजनीति से बाहर रहना पसंद करते हैं। वैसे बता दें कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क कोरोना प्रबंधन को लेकर कई बार डोनाल्ड ट्रंप और बर्नी सैंडर्स पर हमले कर चुके हैं। इस साल मई में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से कहा था कि उन्होंने डेमोक्रेट के लिए मतदान किया था, लेकिन भविष्य में वहां रिपब्लिकन को अपना समर्थन देने वाले हैं। मस्क अक्सर राजनीति पर टिप्पणी करते हैं।

### यूक्रेन से अनाज लेकर रवाना हुआ पहला जहाज सीरिया पहुंचा

**दुबइ।** यूक्रेन से अनाज लेकर रवाना हुआ पहला जहाज सीरिया पहुंच गया है। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के विश्लेषण से यह जानकारी प्राप्त हुई है। सीरिया, रूस का करीबी है, इसके बावजूद युद्ध के समय यूक्रेन के साथ उसका खाद्यान्न को लेकर करार हुआ। यूक्रेन की सरकार द्वारा ओडेशा बदंरगाह से यथाशीघ्र रवानगी सुनिश्चित करने के बाद मालवाहक जहाज राजोनी, सीरिया पहुंचा है। यूक्रेन ने समझौता किया है कि युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर खाद्यान्नों की कीमत में आई वृद्धि से निपटने के लिए वह मक्के, सूरजमुखी तेल और गेंहू के निर्यात के लिए जहाजों की सुरक्षित रवानगी सुनिश्चित करेगा। लेकिन सीरियाई बंदरगाह तरतूस पहुंचा जहाज इंगित करता है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सामान की आवाजाही कितनी जटिल हो सकती है। सीरिया को पहले ही यूक्रेन से गेंहू की खेप प्राप्त हो चुकी है जो रूसी कब्जे वाले यूक्रेन के इलाके से भेजी गई थी। प्लानेट लैब्स पीबीसी की तस्वीरों के विश्लेषण से पता चला कि सियेरा लियोन का ध्वज लगा जहाज सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से कुछ समय पहले सीरिया के बंदरगाह पहुंचा। यह पोत बंदरगाह पर बने अन्न भंडारण केंद्र के बगल में लंगर डाले हुए है, जहां से पूरे देश में गेंहू की आपूर्ति की जाती है। राजोनी की स्वचालित पहचान प्रणाली(एआईएस) ट्रैकर को शुक्रवार को उस समय बंद कर दिया गया था जब वह साइप्रस तट से कुछ दूरी पर था। जहाजों के लिए अपना एसआईएस ट्रैकर चालू रखना होता है, लेकिन जब जहाजों को अपनी गतिविधि छिपानी होती है तो वे इस प्रणाली को बंद कर देते हैं।

### पीएम मोदी के नए भारत के निर्माण में अहम साझेदार होगा अमेरिका : संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की इच्छा रखता है। और अमेरिका अगले 25 वर्षों में उसकी इस विकास यात्रा में अहम साझेदार होगा। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी दोनों देशों तथा दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बन गई है। संधू ने कहा चूंकि भारत सकारात्मक प्रगति कर रहा है तो हमें भविष्य की पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए और काम करना पड़ेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है। अगले 25 वर्षों का सफर एक नए भारत का निर्माण करेगा। इस 'अमृत काल' का लक्ष्य समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विराट एशिया कप से फार्म हासिल करेंगे : गांगुली

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली को उम्मीद है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली एशिया कप से अपना पुराना फार्म हासिल कर लेंगे। गांगुली ने कोहली को लेकर कहा, 'उन्हें अभ्यास करने और मैच खेलने दें क्योंकि वह बड़े खिलाड़ी हैं और पूर्व में उन्होंने काफी रन बनाए हुए हैं। मुझे उम्मीद है कि वो जल्द ही फार्म में वापसी करेंगे।'विराट लंबे समय से बड़ा सकोर नहीं बना पाये हैं , इस कारण वह पूर्व खिलाड़ियों के निशान पर भी आये हैं। इंग्लैंड दौरे पर भी कोहली रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में अब 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में उनपर बेहतर प्रदर्शन के लिए दबाव रहेगा। कोहली के साथ ही भारतीय टीम के लिए यह टूर्नामेंट बेहद अहम है क्योंकि इससे उसे आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की समीक्षा का समय मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो विराट नवंबर 2019 के बाद से ही शतक नहीं लगा पाये हैं। उन्होंने अपना 70 वां शतक कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। इसके बाद से वह किसी भी प्रारुप में शतक नहीं लगा पाये हैं।

### जब झरने में फंसे वेस्टइंडीज के कप्तान पूरन

**जमैका** । वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ हुई सीरीज के बाद तरोताजा होने के लिए निकले थे पर घूमने के दौरान वह एक झरने में फंस गए। इस झरने में उफनता पानी के बीच ही पूरन हवा में थे जबकि नीचे पानी भरा था। इसका वीडियो स्वयं पूरन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पूरन रस्सी के सहारे झरने को पार करने का प्रयास कर रहे हैं पर उसमें सफल नहीं हुए। कई बार चक्कर लगाने के बाद भी वह बीच में ही फंसे रह गये। उन्होंने वापस लौटने के प्रयास किये पर सफल नहीं हो पाए। ऐसे में थककर उन्हें पानी में कूदना पड़ा। इस पर साथी खिलाड़ियों ने भी कप्तान को लेकर मजाकिया पोस्ट किये हैं। ऑलराउंडर रोवमैन पावेल ने लिखा, 'बेटर लक नेक्स्ट टाइम कप्तान।

### आयरिश क्रिकेटर केविन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**मुम्बई** । आयरलैंड के ऑलराउंडर केविन ओ ब्रायन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। केविन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक पोस्ट साझा कर अपने संन्यास की घोषणा की है। इसमें इस क्रिकेटर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में लगातार समर्थन के लिए कोच, परिवार, पत्नी और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेने पर विचार कर रहे थे पर खराब प्रदर्शन और उसके कारण टीम से बाहर होने के कारण उन्हें समय से पहले ही यह फैसला लेना पड़ा। ब्रायन पिछले 16 साल से क्रिकेट खेल रहे हैं पर पिछले एक साल से वह टीम से बाहर थे। वह आयरलैंड की ओर से सबसे ज्यादा समय तक खेलने वाले क्रिकेटरों में शामिल हैं। इस क्रिकेटर ने साल साल 2006 में एकदिवसीय के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने साल 2008 में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच स्कॉटलैंड के खिलाफ खेला था। साल 2018 में केविन ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला। 38 साल के केविन ने सभी फॉर्मेट में कुल 266 मैच खेले हैं। इस बल्लेबाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेने का विचार कर रहे थे पर पिछले साल से टीम से बाहर होने के कारण उन्हें ये फैसला करना पड़ा।

# आईसीसी ने पहली बार महिला क्रिकेट के लिए भविष्य दौरा कार्यक्रम बनाया

### तीन साल के अंदर 301 मुकाबले खेले जाएंगे

**मुम्बई** । अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुष क्रिकेटरों की तरह ही महिला क्रिकेट के लिए भी भविष्य दौरा कार्यक्रम फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) जारी किया है। इसके तहत साल 2022 से 2025 तक तीन साल के अंदर विश्व भर में महिला क्रिकेट में तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 301 मुकाबले खेले जाएंगे। इस एफटीपी के तहत विभिन्न देशों की महिला क्रिकेट टीमों के बीच 7 टेस्ट, 135 एकदिवसीय और 159 टी20 मैच होंगे। मई 2022 से इसकी शुरुआत हुई है। यह एफटीपी अप्रैल 2025 के अंत तक जारी रहेगा। यह पहली बार है जब महिला क्रिकेटरों के लिए भी एफटीपी जारी किया गया है। इससे पहले केवल पुरुष क्रिकेटरों के लिए ही एफटीपी की घोषणा होती थी। महिला क्रिकेट के लिए तैयार की गई एफटीपी में साल 2025 के अप्रैल के अंत तक सभी देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय सीरीज का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें भारत में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप तक के मैच भी शामिल हैं। महिला क्रिकेट के लिए जारी पहले एफटीपी में 2024-25 में इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया दौरे में होने वाली एशेज सीरीज भी शामिल है। इस प्रकार तीन साल के अंदर इंग्लैंड की महिला



क्रिकेट टीम सबसे अधिक पांच टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया चार , दक्षिण अफ्रीका तीन और भारत दो टेस्ट खेलेगा।

भारतीय महिला क्रिकेट पहली बार जारी इस भविष्य दौरा कार्यक्रम के तहत अगस्त 2022 से जनवरी 2025 के बीच 2 टेस्ट, 24 एकदिवसीय और 36 टी20 खेलेगी। टी20 वर्ल्ड कप और आईसीसी के दूसरे इवेंट के मुकाबले इसमें शामिल नहीं हैं। भारतीय टीम दोनो ही टेस्ट अपने देश में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। वहीं दिसंबर में भारत और ऑस्ट्रेलि?ा के बीच 5 टी20 की सीरीज होगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अप्रैल 2025 तक आईसीसी महिला चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलेगी, जबकि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ उन्हीं की धरती पर खेलेगी।

# राहुल ने तस्वीर साझा कर बताया, खेलने के लिए तैयार हूं

**हरारे** । जिम्बाब्वे दौरे के लिए कप्तान बने लोकेश राहुल इस सीरीज से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। राहुल आईपीएल के बाद से ही चोटिल होने के कारण हुई सर्जरी और उसके बाद कोरोना महामारी के कारण टीम से बाहर थे। भारत और जिम्बाब्वे के बीच गुरुवार से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज में राहुल के फार्म की परीक्षा होगी। राहुल को शुरुआत में इस दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया था पर फिटनेस जांच में पास होने के बाद उन्हें कप्तानी के तौर पर टीम में जगह मिली। वहीं पहले कप्तान बनाये गये धवन का उपकप्तानी दी गयी। राहुल ने सोशल मीडिया पर अपनी तैयारी को लेकर कहा है कि वह खेलने के लिए



तैयार हैं। उन्होंने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, इन. इसके अलावा उन्होंने भारत का झंडा और ब्लू कलर का दिल भी बनाया है। राहुल इस दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर यूएई में शुरू हो रहे टी20 एशिया कप के पहले लय हासिल करना चाहेंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें एकदिवसीय में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। राहुल ने पारी की शुरुआत करते हुए सलामी बल्लेबाज के तौर पर 21 पारियों में 884 रन बनाये हैं। उनका औसत 47 का है जिसमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 42 वनडे में 47 की औसत से कुल 1634 रन बनाये हैं जिसमें 5 शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 में भी राहुल का रिकार्ड काफी अच्छा रहा है। उन्होंने अब तक टी20 अंतराष्ट्रीय के 56 मैच में 1831 रन बनाये हैं। राहुल ने आईपीएल के 15 वें सत्र में 616 रन बनाए थे जिसमें दो शतक भी थे।

# एमसीसी ने टिकटों के दाम बढ़ाये, 17 लाख रुपए हुई सबसे महंगी टिकट

**लंदन** । मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने टिकटों के दाम बढ़ा दिये हैं। सबसे महंगे लॉर्ड्स डिबेंचर टिकट के दाम करीब 17 लाख रुपए पहुंच गये हैं। यह टिकट पूरे 4 सत्र के लिए मान्य रहेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार एमसीसी ने हर साल डिबेंचर टिकट के दाम में करीब 38 हजार रुपए बढ़ाये जाने का प्रस्ताव रखा था। उसी के बाद इसकी कीमतें बढ़ायीं गयी हैं हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान इसमें ब?ोतरी करने पर एमसीसी के सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। वहीं एमसीसी ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान रेल हड़ताल से होने वाली बाधा को देखते हुए अपने सदस्यों और टिकट-खरीदारों को पत्र लिखकर दूसरे, तीसरे और चौथे दिन वैकल्पिक ट्रेवल प्लान बनाने को कहा है। गुरुवार और शनिवार को रेलवे की हड़ताल है।इसके अलावा शुक्रवार को भी ह?ताल से आने-जाने में परेशानी आयेगी। क्लब ने वेस्टमिंस्टर सिटी काउंसिल के साथ अतिरिक्त स्ट्रीट पार्किंग पर भी बातचीत की है, जो दर्शकों को पार्क करने और मैदान में जाने की अनुमति देने के लिए अपनी 4 घंटे की सीमा में ढील देने पर सहमत हो गई है पर 28,000 के करीब प्रशंसकों के लिए यह पर्याप्त नहीं रहेगा। एमसीसी ने यह भी कहा है की है कि यदि मैच पांचवें दिन तक पहुंचता है, तो सभी टिकट के 500 रुपए रुथ स्ट्रॉस फाउंडेशन और एमसीसी फाउंडेशन के बीच समान रूप से बांटे

# शुभमन को एकदिवसीय के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में तैयार करे टीम इंडिया : दीप दासगुप्ता

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने कहा है कि बल्लेबाज शुभमन गिल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। ऐसे में भारतीय टीम उन्हें एकदिवसीय में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारने की तैयारी कर रही है। शुभमन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 102.50 की शानदार औसत से बल्लेबाजी करते हुए तीन मैचों में 205 रन बनाए हैं। उन्होंने बारिश से बाधित तीसरे एकदिवसीय में 98 रन की पारी सहित दो अर्धशतक लगाये हैं। शुभमन को जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय सीरीज के लिए भी शामिल किया गया है। ऐसे में दीप दासगुप्ता का मानना है कि टीम इंडिया वर्तमान में शुभमन गिल को 50 ओवर के विश्व कप के 2023 संस्करण के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रही है। शुभमन ने साल 2019 में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था पर इस साल की शुरुआत में ही वह अपने खेल से प्रभावित करने में कामयाब रहे हैं। इस बीच दासगुप्ता ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को कप्तान लोकेश राहुल को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में पारी की शुरुआत के लिए तैयार रहने को कहना चाहिये। उन्होंने कहा कि शुभमन को एकदिवसीय विश्व कप 2023 के



सिनसिनाटी में अमेरिका की महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स रिटर्न शॉट लगाती हुई।

### 16 से 25 नवंबर के बीच होगा अजलन शाह टूर्नामेंट

**नई दिल्ली** । अजलन शाह अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन मलेशिया के इपोह में 16 से 25 नवंबर के बीच होगा। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट दो साल से नहीं हुआ था। आंखरी बार इसका आयोजन साल 2019 में हुआ था। तब दक्षिण कोरिया ने खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को हराया था। एशियाई हॉकी महासंघ के एक अधिकारी ने कहा, 'हम इस साल नवंबर में अजलन शाह कप का आयोजन करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए हमने भारत और ऑस्ट्रेलिया सहित छह टीमों को आमंत्रित किया है। हमें उम्मीद है कि सभी टीम आमंत्रण स्वीकार करेंगी।

## व्यापार न्यूज

### एयरटेल ने 5जी स्पेक्ट्रम के लिए डॉट को दिए 8,312.4 करोड़

**नई दिल्ली** । दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने हाल ही में 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग (डॉट) को 8,312.4 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। एयरटेल ने यह राशि चार साल की किस्त के अग्रिम भुगतान के रूप में दी। एयरटेल ने कहा कि उसका मानना है कि इस अग्रिम भुगतान के साथ ही चार साल के लिए एजीआर (समायोजित सकल राजस्व) से संबंधित भुगतान करने से कंपनी भविष्य में 5जी लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी। दिग्गज दूरसंचार कारोबारी सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने 5जी स्पेक्ट्रम के लिए 43,039.63 करोड़ रुपए की सफल बोली लगाई। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और सीईओ गोपाल विट्ठल ने कहा कि चार साल का यह अग्रिम भुगतान हमें अपने परिचालन मुक्त नकदी प्रवाह को देखते हुए 5जी लागू करने के प्रयास को ठोस तरीके से आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। एयरटेल राइट निर्गम से अभी 15,740.5 करोड़ रुपए तक जुटा सकती है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ब्याज दर बढ़ाई

**नई दिल्ली** । उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा है कि उसने सावधि जमाओं पर ब्याज दर 1.5 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। बैंक ने कहा कि भारत की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर उसने विभिन्न अवधियों की सावधि जमाओं पर ब्याज दर में 0.3 प्रतिशत से 1.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। उज्जीवन एसएफबी ने 75 सप्ताह (525 दिन) और 75 महीने की जमाओं के लिए सबसे अधिक 7.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की उच्चतम ब्याज दर तय की है। इन दोनों अवधि की जमा योजनाओं की शुरुआत आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर की गई है। बैंक ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त दर अब 0.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.75 प्रतिशत कर दी गई है। नयी दरें दो करोड़ रुपए से कम जमा पर लागू हैं। बैंक ने कहा कि वह मासिक, त्रैमासिक और परिपक्वता पर ब्याज भुगतान विकल्पों की पेशकश करेगा।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार सुबह पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है, जो देश में सबसे सस्ता है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब घटकर 92.51 डॉलर प्रति बैरल, जबकि डब्ल्यूटीआई तीन डॉलर से ज्यादा गिरकर 86.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### फ्यूचर एंटरप्राइजेज से तोशनीवाल ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली** । फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) ने कहा कि उसके गैर-कार्यकारी निदेशक चंद्रप्रकाश तोशनीवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एफईएल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि तोशनीवाल ने अपनी पेशागत एवं व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं की वजह से यह पद छोड़ा है। निदेशक मंडल से उनका इस्तीफा 16 अगस्त से ही प्रभावी हो गया है। हालांकि, तोशनीवाल फ्यूचर समूह की एक अन्य कंपनी फ्यूचर फैशंस लिमिटेड में निदेशक बने रहेंगे। एफईएल फ्यूचर समूह की उन 19 कंपनियों में शुमार थी जिसका रिलायंस रिटेल को अधिग्रहण करना था। हालांकि, अगस्त, 2020 में घोषित इस आशय के 24,713 करोड़ रुपए के सौदे को रिलायंस ने अप्रैल, 2022 में रद्द कर दिया था।

# सेंसेक्स 60,000 के पार, निफ्टी 17,800 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बुधवार के कारोबारी दिन शेयर बाजार ने अपने गिरावट के दिनों को पीछे छोड़ अच्छी रिकवरी हासिल की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के दौरान आज 60,000 के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर गया। सेंसेक्स आज 59,938.05 पर खुला था। कारोबार के दौरान यह अधिकतम 60,069.89 अंक तक और न्यूनतम 59,857.80 अंक तक गया। सुबह 10 बजे सेंसेक्स 221 अंक की बढ़त के साथ 60,063 पर कारोबार करता दिखाई दिया। इससे पहले इस साल 5 जनवरी को सेंसेक्स 60,000 के पार गया था। यह 5 जनवरी को 60223 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी की बात करें, तो यह शुरुआती कारोबार में 19 अंक की बढ़त के साथ 17,844 पर कारोबार ्करता दिखा। निफ्टी बुधवार को 17,868.15 पर खुला था। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान पर और 15 शेयर लाल निशान पर कारोबार करते दिखाई दिए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान पर और छह शेयर लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। सबसे अधिक तेजी एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एचयूएल में देखने को मिली। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और एचडीएफसी में सबसे अधिक गिरावट दिखाई दी।

### अमेरिकी और यूरोपीय बाजार में तेजी रही

**मुंबई** । अमेरिका में वॉलमार्ट सहित अन्य दिग्गज कंपनियों के बेहतर तिमाही रिजल्ट के बूते शेयर बाजार में मिलाजुला रुख दिख रहा है। कुछ एक्सचेंज पर गिरावट दिख रही तो कहीं तेजी बनी हुई है। पिछले सत्र में डाओ जोंस 0.71 फीसदी चढ़कर बंद हुआ तो नेस्डेक पर 0.19 फीसदी की गिरावट दिखी। इसके अलावा एसएंडपी 500 ने 0.19 फीसदी की बढ़त हासिल की। वहीं अमेरिका की तर्ज पर पिछले सत्र में यूरोप के ज्यादातर शेयर बाजारों में तेजी का माहौल रहा। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज 0.68 फीसदी के उछाल पर बंद हुआ तो फ्रांस का शेयर बाजार 0.34 फीसदी की बढ़त बनाने में कामयाब रहा। इसके अलावा लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले सत्र में 0.36 फीसदी की तेजी दिखी। वहीं एशियाई बाजारों में बुधवार को सुबह तेजी दिख रही है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.10 फीसदी के उछाल पर कारोबार कर रहा तो जापान का निक्केई 0.79 फीसदी की बढ़त बना चुका है। ताइवान के शेयर बाजार में भी सुबह 0.12 फीसदी की तेजी देखी गई लेकिन दक्षिण कोरिया का कॉस्पी आज 0.42 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है। भारत के शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी का सिलसिला लगातार जारी है।

# निजी क्षेत्र के कर्मचारियों का 10 प्रतिशत बढ़ सकता है वेतन

**नई दिल्ली** । भारत में कंपनियां 2023 में कर्मचारियों का वेतन 10 प्रतिशत वेतन बढ़ा सकती हैं। वैश्विक सलाहकार, ब्रोकिंग और समाधान सेवाएं मुहैया कराने वाली एक कंपनी की वेतन बजट योजना रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में कंपनियां 2022-23 के दौरान 10 प्रतिशत वेतन बढ़ाने के लिए बजट तैयार कर रही हैं। गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष की वास्तविक वेतन वृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में आधे से अधिक (58 प्रतिशत) नियोक्ताओं ने पिछले साल की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए अधिक वेतन वृद्धि का बजट रखा है।



हालांकि, इनमें से एक चौथाई (24.4 प्रतिशत) ने बजट में कोई बदलाव नहीं किया। ~2021-22 की तुलना में केवल 5.4 प्रतिशत ने बजट कम किया है। एशिया प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में सबसे अधिक वेतन वृद्धि भारत में होगी। अगले साल चीन में छह फीसदी, हांगकांग और सिंगापुर में चार फीसदी वेतन बढ़ेगा। यह रिपोर्ट अप्रैल और मई 2022 में 168 देशों में किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसके लिए भारत में 590 कंपनियों से बात की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 42 फीसदी कंपनियों ने अगले 12 महीने के दौरान पॉजिटिव बिजनेस रेवेन्यू आउटलुक का अनुमान जताया है। जबकि केवल 7.2 फीसदी ने निगेटिव आउटलुक की बात कही है। रिपोर्ट के मुताबिक इंजीनियरिंग सेक्टर में वेतन 52.9 फीसदी, आईटी में 65.5 फीसदी, सेल्स में 35.4 फीसदी, तकनीक कुशल क्षेत्र में 32.5 फीसदी और फाइनेंस में 17.5 की बिजनेस रेवेन्यू ग्रोथ देखने को मिल सकती है। वित्तीय सेवा (10.4 फीसदी), बैंकिंग व प्रौद्योगिकी (10.2 फीसदी) और मीडिया व गेमिंग सेक्टर (10 फीसदी) में सर्वाधिक वेतन वृद्धि होगी।

### सोना और चांदी में हल्की गिरावट



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से स्थानीय बाजार में सोना और चांदी में हल्की गिरावट देखने को मिली है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 10 ग्राम सोने की कीमत बुधवार को 764 रुपए घटकर 52,347 पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 53,111 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत 1,592 रुपए घटकर 58,277 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर लुढ़क गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 59,869 रुपए के स्तर पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड की कीमत गिरकर 1,775 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं चांदी 20.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं दूसरी ओर घरेलू शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है।

# नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बना रही रॉयल एनफील्ड

**नई दिल्ली** । महंगी बाइक बनाने वाली रॉयल एनफील्ड कंपनी अब नई हंटर 350 को पेश करने के बाद अगली पीढ़ी की रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 को लॉन्च करने पर काम कर रही है। रॉयल एनफील्ड वर्तमान में बाजार के लिए नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल विकसित कर रही है।2025 के आसपास आधिकारिक तौर पर पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि ये बाइक्स अभी भी विकास के शुरुआती चरण में हैं, दोनों ही खरीदारों के लिए एक लागत प्रभावी सेटअप की पेशकश करेंगे।इसके अलावा, रॉयल एनफील्ड को भी सरकारी योजनाओं का उपयोग करने की उम्मीद है जो इलेक्ट्रिक प्रसाद के विकास और निर्माण के लिए इनपुट लागत को काफी कम कर देगी।इससे ब्रांड को इन बाइक्स की बाजार में आक्रामक कीमत तय करने में मदद मिलेगी।रॉयल एनफील्ड वर्तमान में भारत में अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर काम कर रहा है।विभिन्न बाजारों के लिए 350 सीसी से 650 सीसी सेगमेंट में कई उत्पाद विकसित कर रहा है। ब्रांड अपनी आगामी इलेक्ट्रिक बाइक्स को रेखांकित करने के लिए इस प्लेटफॉर्म के एक संशोधित संस्करण का भी उपयोग कर सकता है।अब तक हम जो जानते हैं, उसके अनुसार ब्रांड द्वारा इन रॉयल एनफील्ड इलेक्ट्रिक बाइक्स की कोई आधिकारिक लॉन्च टाइमलाइन तय नहीं की गई है। रॉयल एनफील्ड बाज़ार की स्थितियों के आधार पर इन इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स के लॉन्च को कुछ साल आगे बढ़ा सकती है।हालांकि इन नई इलेक्ट्रिक बाइक्स को भारत समेत कई ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया जाएगा। यह भी कहा जाता है कि ब्रांड 2026-27 तक लॉन्च होने वाली नई 450 सीसी बाइक पर काम कर रहा है, जबकि यह दूसरी पीढ़ी का जे प्लेटफॉर्म भी लॉन्च कर सकता है।आंतरिक रूप से कोडनेम जे2, इस नए प्लेटफॉर्म का कई आगामी रॉयल एनफील्ड बाइक्स में उपयोग किए जाने की उम्मीद है।

### मारुति सुजुकी ने पेश की नई स्विफ्ट एस-सीएनजी

**नई दिल्ली** । भारतीय बाजार में मारुति सुजुकी कंपनी ने नई स्विफ्ट एस-सीएनजी पेश की है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 7.77 लाख रुपये है। नई स्विफ्ट एस-सीएनजी दो वैरिएंट- वीएक्सआई और जेडएक्सआई में उपलब्ध है।नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट सीएनजी 1.2-लीटर के-सीरीज डुअल जेट इंजन और डुअल वीवीटी इंजन के साथ उपलब्ध होगी। इंजन 6,000 आरपीएम पर 77.49 पीएस की अधिकतम पावर और 4,300 आरपीएम पर 98.5 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है।स्विफ्ट एस-सीएनजी 30.90 किमी/किलोग्राम की ईंधन दक्षता प्रदान करती है, जो इसे भारत की सबसे शक्तिशाली सीएनजी हैचबैक बनाती है।यह भारतीय बाजार में सबसे अधिक ईंधन कुशल सीएनजी हैचबैक भी है.नेक्सा मॉडल के लिए सीएनजी वेरिएंट पेश करने का मारुति सुजुकी का निर्णय उसके प्रीमियम मॉडल की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए अच्छी खबर है, जो पिछले कुछ वर्षों में लाइनअप से डीजल-संचालित वेरिएंट के बंद होने के कारण घट गई है। मारुति सुजुकी के सीएनजी-संचालित मॉडल की वर्तमान लाइनअप में ऑल्टो, एस-प्रेसो, वैगन आर, सेलेरियो, डिजायर, ईको और अर्टिगा शामिल हैं।पिछले वित्त वर्ष में, मारुति सुजुकी ने सीएनजी से चलने वाली कारों की 1,57,954 यूनिट्स सेल कीं।जबकि साल-दर-साल 48 फीसदी की वृद्धि देखी गई।वर्तमान में, मारुति सुजुकी अपनी कुल बिक्री का 15 प्रतिशत सीएनजी-संचालित वेरिएंट से हासिल कर रही है।


# रश्मिका मंदाना के हाथ लगी एक और बॉलीवुड फिल्म



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अदाकारा और कर्नाटक ऋश कही जाने वाली रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में कई साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों में नजर आने वाली है। रश्मिका मंदाना फिल्म मिशन मजनू के साथ बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने जा रही है। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शुरू की थी। जिसमे रश्मिका मंदाना और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आएंगे। अब इस वक्त की आ रही ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना मिशन मजनू के बाद जल्द ही वो बॉलीवुड की अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। खबरों के अनुसार रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म मिशन मजनू की शूटिंग नवाबों के शहर लखनऊ में कर रही थी। कुछ समय पहले ही फिल्म की टीम ने लखनऊ में शेड्यूल को पूर किया है। अब अभिनेत्री रिश्मका चेन्नई में अगली फिल्म सुल्थान की शूटिंग कर रही है। इस फिल्म को पूरा करने के बाद रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म के लिए मुंबई में वापस चली जाएंगी। हालांकि रश्मिका मंदाना का बॉलीवुड का अगला प्रोजेक्ट क्या है इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जैसे ही कोई जानकारी सामने आती है हम आप तक जरूर शेयर करेंगे। इसके अलावा खबरों में कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना एक पैन इंडिया की फिल्म में भी नजर आने वाली है। जिसमे वो साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आ सकती है।

## शाहरुख खान-जॉन अब्राहम का जबरदस्त एक्शन देखकर उड़ेंगे फैंस के होश

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बेसब्री की दो वजह हैं. एक यह कि इस फिल्म में सलमान खान कैमियो कर रहे हैं. दूसरा यह



कि पहली बार दर्शक शाहरुख खान और जॉन अब्राहम को एक साथ बड़े पर्दे पर जबरदस्त फाइट करते हुए देखेंगे. जॉन इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे. हालांकि, जॉन ने कभी भी इस फिल्म से जुड़े होने की किसी भी खबर पर अपना कोई रिएक्शन नहीं दिया है. इस बीच यह खबर सामने आई है कि शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के बीच इस फिल्म के लिए 2 अप्रैल से शूटिंग सीक्वेंस शूट किए जाएंगे. रिपोर्ट के अनुसार यह कंफर्म है कि 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन की भूमिका निभाएंगे. वह पिछले दिनों अपनी अन्य फिल्मों में व्यस्त थे और अब वह 'पठान' की तैयारी कर रहे हैं. जॉन 2 अप्रैल से वाईआरएफ स्टूडियो में शूटिंग शुरू करेंगे. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम कई एक्शन सीन के लिए शूटिंग करेंगे. इतना ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी इस महीने के आखिर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी करेंगी. यह संभावना है कि मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम विदेश में फिल्म के अन्य भाग की शूटिंग करेंगे. वाईआरएफ स्टूडियो को आशा है कि पठान को 2022 के शुरुआत में ही रिलीज कर दिया जाएगा. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के एक्शन सीन्स को देखने के लिए दर्शक बेताब हैं. दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. इसके अलावा जॉन अब्राहम को उनके फैंस पहली बार विलेन की भूमिका में भी देखने वाले हैं. इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट दर्शकों के बीच देखी जा सकती है।



# दिव्यांका त्रिपाठी ने पूरी की क्राइम पेट्रोल की शूटिंग

सीरियल 'ये है मोहोबतें 'की इशिता यानी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी दहिया , क्राइम पेट्रोल की होस्ट बनने को लेकर काफी सुर्खियों में थीं और अब हाल ही में उन्होंने शो के रैप अप की अनाउंसमेंट की है. उन्होंने बताया कि यह काफी लंबी शूटिंग थी जो अब खत्म हो चुकी है. महिलाओं पर होने वाले गुनाह के ऊपर बनाई गई क्राइम पेट्रोल की खास सीरीज में दिव्यांका त्रिपाठी को बतौर होस्ट काफी पसंद किया जा रहा था. क्राइम पेट्रोल की पूरी टीम के साथ की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दिव्यांका ने भावुक होते हुए कहा है, 'क्राइम पेट्रोल की यह टीम बहुत प्यारी और मेरे दिल के बेहद करीब है. उम्मीद है, जल्द ही आप सभी लोगों से मुलाकात होगी. आप सभी को मैं काफी ज्यादा मिस करूंगी. क्राइम पेट्रोल के मेरे कुछ एपिसोड टेलीकास्ट होना अभी भी बाकी हैं. लेकिन फिलहाल शूटिंग का रैप अप हो गया है.' भले ही एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी आज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे सफल एक्ट्रेस में से एक है लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी स्ट्रगलिंग के दिनों के बारें में खुलासा करते हुए कहा था कि शुरुआती दिनों में उन्हें काफी ज्यादा टॉर्चर किया गया था. लेकिन फिर भी वो शुक्रगुजार है उन सारी चीजों के लिए जो उन्होंने अपने इस सफर में देखी हैं. दिव्यांका कहती हैं, 'हमें अपने सारे अनुभव, अच्छे हों या बुरे, उन्हें संजोह कर रखना चाहिए क्योंकि वो कुछ ऐसे पल होते हैं जो हमारी लाइफ को सुंदर बनाते हैं.' दिव्यांका ने आगे बताया था कि इंडस्ट्री में कुछ लोगों की तरफ से उन्हें गलत प्रस्ताव दिए गए थे, जिसे उन्होंने तुरंत ठुकरा दिया था. दिव्यांका ने यह भी कहा कि इन प्रस्तावों को ठुकराते वक्त उन्होंने सावधानी बरती थी. कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने का पूरा प्रयास करते हैं अगर उनका इगो हर्ट हो जाए. दिव्यांका का मानना है कि उनका भी चरित्र हरण करने की कोशिश की गई थी।



# मौनी रॉय ने पतली कमरिया गाने पर किया धमाकेदार डांस, वायरल हुआ वीडियो

मौनी रॉय ने पतली कमरिया गाने पर किया धमाकेदार डांस, वायरल हुआ वीडियो अपने शानदार अभिनय और खूबसूरती से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय ने बुधवार को अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है,जो तेजी से वायरल हो रहा हैं। इस वीडियो में मौनी पर्पल कलर के ऑउटफिट में पतली कमरिया गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए मौनी ने लिखा-इस गाने की खुशी में इस गाने पर पहले ही डांस कर लिया! अपने शानदार अभिनय और खूबसूरती से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस



के साथ साझा किया है,जो तेजी से वायरल हो रहा हैं। इस वीडियो में मौनी पर्पल कलर के ऑउटफिट में पतली कमरिया गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए मौनी ने लिखा-इस गाने की खुशी में इस गाने पर पहले ही डांस कर लिया! वीडियो में मौनी के डांस मूव्स के साथ-साथ उनका एक्सप्रेशन भी कमाल का हैं। मौनी के इस डांस को फैंस काफी पसंद कर रहे है और जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। गौरतलब हैं की मंगलवार को ही मौनी रॉय का पतली कमरिया सॉन्ग रिलीज हुआ है, जिसे सुक्खी, तनिष्क बागची और परंपरा टंडन ने गाया हैं। यह गाना रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाया हुआ हैं। मौनी के वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी रॉय जल्द ही अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म ब्रह्मास्त्र में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।

## जस्टिन बीबर का पीचिस है दीपिका का पसंदीदा गाना



जस्टिन बीबर का पीचिस है दीपिका का पसंदीदा गाना बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनका पसंदीदा गाना जस्टिन बीबर का पीचिस है।दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।दीपिका अपने फैंस के लिए खुद से जुड़ी बातों को शेयर करती रहती हैं।दीपिका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पसंदीदा गाने के बारे में बताया है। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनका पसंदीदा गाना जस्टिन बीबर का पीचिस है।दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।दीपिका अपने फैंस के लिए खुद से जुड़ी बातों को शेयर करती रहती हैं।दीपिका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पसंदीदा गाने के बारे में बताया है। दीपिका पादुकोण ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी वैनिटी वैन में तैयार होती नजर आ रही हैं।इस दौरान वह फैंस के सवालों के जवाब देती नजर आ रही हैं।दीपिका का कहना है कि वह अपनी प्लेलिस्ट को लेकर काफी एक्साइडेट हैं।इसके साथ ही जब उन्होंने अपने फेवरेट सॉन्ग को फैंस के लिए प्ले किया तो वीडियो में दीपिका पादुकोण जस्टिन बीबर के 'पीचिस' गाने पर झूमने लगती हैं।

# कोई मिल गया फिर से देखना चाहती है अनन्या पांडे



अनन्या पांडे ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म के बाद से अनन्या ने फिर पीछे पलटकर नहीं देखा है. इस फिल्म के बाद से अनन्या लगातार मूवीज कर रही हैं. अनन्या के अब चाहने वालों की लिस्ट भी काफी लंबी होती जा रही हैं. अनन्या अपनी अदाओं से अक्सर फैंस के दिलों को घायल करती रहती हैं. अनन्या के पोस्ट का फैंस को इंतजार रहता है. हाल ही में एक्ट्रेस ने ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म कोई मिल गया को लेकर पोस्ट किया है. अनन्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस आए दिन कोई ना कोई पोस्ट अपने फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. हाल ही में अनन्या ने एक ऐसा पोस्ट किया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया है. अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने फैंस को बांधा हुआ है. अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अनन्या ने एक बूमरैंग वीडियो साझा किया था. वीडियो में अनन्या ने अजीब सा चेहरा बनाती दिखीं. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फैंस से एक खास सवाल भी पूछा है. वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा अभिनीत फिल्म कोई मिल गया को फिर से देखना चाहती है. हालाँकि, एक निश्चित कारण के कारण वह नहीं देख सकती हैं, इसलिए अनन्या पांडे ने अपने प्रशंसकों से कुछ मदद मांगी. अनन्या ने वीडियो शेयर किया और लिखा, किन्दा वाना फिर से मिल गया।

## हाथ जोड़कर नमस्कार करने से हमारी सेहत को होते हैं कई हैरान करने वाले फायदे



सनातन और हिंदू धर्म में नमस्कार करना एक महत्वपूर्ण परम्परा मानी जाती है। यह अभिवादन का भारतीय तरीका है, ठीक वैसे ही जैसे लोग किसी से मिसने पर सलाम या शेकहैंड करना करते हैं। किसी बड़े या आदरणीय व्यक्ति से मिलने पर हम अपने दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार या नमस्ते कहते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इस तरह से नमस्कार ने इस बारे में सोचा है कि आखिर हम नमस्ते ही क्यों बोलते हैं और पीछे क्या कारण है? नमस्ते संस्कृत के दो शब्दों 'नमस' और 'ते' से मिलकर बना है। नमस का अर्थ होता है झुकना और 'ते' का मतलब होता है आपको। इसलिए नमस्ते का मतलब होता है सामने वाले के सम्मान में झुकना। आपने कभी नमस्ते करते समय अपने शरीर की संरचना पर ध्यान दिया है, जब भी आप नमस्ते करते हैं जो आप दोनों हाथो को ऐसे जोड़ते हैं जिसमें उँगलियों के सिरे एक दुसरे को स्पर्श करते रहते हैं। उसके बाद आप धीरे से हाथो को नीचे सीने के बीचोबीच वाले हिस्से में ले जाते हैं जहाँ अनहत चक्र स्थित होता है। यह चक्र प्यार और समर्पण से जुड़ा हुआ है जो आपके और परमात्मा के बीच में संबंध स्थापित करता है। हाथ जोड़कर नमस्कार करने के पीछे भी एक दिलचस्प वैज्ञानिक कारण है, जब भी दोनों हाथो को जोड़ते हैं तो उँगलियों के सिरों पर दवाब बढ़ता है। उंगलियों के ये सिरे आपके कान, आँख और मस्तिष्क के नसों के सिरे से जुड़े हुए रहते हैं और इनसे आपकी याद्दाश्त बेहतर होती है। जब आप हाथो को जोड़ते हैं तो ये प्रेशर पॉइंट्स एक्टिवेट हो जाते हैं जिससे आपको सामने वाले से मिलते समय उसकी सारी जानकारी याद हो जाती है। इसके अलावा जब आप अपने हाथो को अनहत चक्र के पास लेकर जाते हैं तो यह एक्टिव हो जाता है जिससे आपके शरीर से निकली हुई पॉजिटिव एनर्जी सामने वाले को मिलने लगती है। कई योग मुद्राओं जैसे कि वृक्षासन और वीरभद्रासन में भी योग के दौरान नमस्ते किया जाता है। बैक्टीरिया स्पर्श के ज़रिए एक शरीर से दूसरे शरीर तक फैलते हैं जो कि हाई-फाई और शेक हैंड जैसे अभिवादनों से संभव हैं। लेकिन नमस्ते करने से इंफेक्शन, गंदगी और बैक्टेरिया फैलने का खतरा कम होता है।



## राजनीति का 'गिरगिटी रूप'

भारत के राजनीतिक व धार्मिक इतिहास में पांच अगस्त की तारीख काफी महत्वपूर्ण हो गई है, यदि धार्मिक पहलू से देखा जाए तो दो साल पहले पांच अगस्त को प्रधानमंत्री जी के हाथों अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राममंदिर की आधारशिला रखी गई थी और राजनीतिक चश्में से यदि पांच अगस्त को देखा जाए तो इसी तिथि को तीन साल पहले मोदी सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद-370 के खात्में की घोषणा की थी.... और अब इस साल पांच अगस्त को आयोजित कांग्रेस के मंहगाई विरोधी काले वेषधारी देशव्यापी आंदोलन ने इस तारीख की राजनीति में एक ओर कड़ी जोड़ दी है.... किंतु पूरे देश के बुद्धिजीवी वर्ग में आश्चर्य इस बात पर है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के इस आंदोलन को अयोध्या के राममंदिर से जोड़ा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 से नहीं, जबकि मौजूदा मोदी सरकार व उनकी पार्टी भाजपा धार्मिक दृष्टि से जितना महत्व अयोध्या राममंदिर को देती है, उससे कम जम्मू-कश्मीर से विवादित अनुच्छेद 370 के खात्में सम्बंधी सरकार के फैसले को नही देती, इस फैसले को यह सरकार मोदी जी के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में मानती है, फिर क्या कारण है कि भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं अमित भाई शाह व योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के इस राजनीतिक आंदोलन को अयोध्या से जोड़ा जम्मू-कश्मीर से नहीं? दोनों ही दिग्गज नेताओं को कांग्रेसियों के आंदोलन से नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं द्वारा आंदोलन के दौरान पहने गए काले रंग के कपड़ों पर एतराज था, उन्होंने काले कपड़ों को भगवान राम से जोड़कर कांग्रेस को हिन्दू विरोधी जामा पहनाने की कौशिश की, और अनुच्छेद 370 को इसलिए बख्शा क्योंकि जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव सन्निकट है और भाजपा तथा मोदी सरकार इसी अनुच्छेद 370 की समाप्ती के मुद्दें को मुख्य उपलब्धि मुद्दा बताकर वहां वोट बटोरने का प्रयास करने वाली है साथ ही इसका एक कारण यह भी है कि अनुच्छेद 370 की समाप्ती से आम कश्मीरी वोटर काफी नाराज है और फिलहाल भाजपा यह मुद्दा अभी उठाकर आम कश्मीरियों की भावना को उद्वेलित नहीं करना चाहती, भाजपा फिलहाल यह ही तय नही कर पा रही है कि मोदी सरकार का कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खात्में का फैसला जम्मू-कश्मीर में भाजपा के लिए चुनाव के समय वरदान बनेगा या अभिशाप? क्योंकि मोदी सरकार के इस कथित उपलब्ध्धिपूर्ण फैसले से कश्मीर का आम नागरिक तो क्या वहां के सभी सियासी दल व उनके नेता मोदी सरकार व भाजपा से अप्रसन्न है, जिसका बदला वे जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के समय भाजपा से लेना चाहते है? फिर.... भारत के लिए यह भी एक बड़ा 'सरदर्द' पैदा हो गया है कि कश्मीर से यह अनुच्छेद खत्म करने के मोदी सरकार के फैसले ने कश्मीरियों को पाकिस्तान के और निकट ला दिया है और पाक हुक्मरानों ने भी इस मुद्दें पर कश्मीरियों की भावना के साथ खेल खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी इसलिए इस फैसले के बाद पाक ने कश्मीरियों को अपने साथ रखने के लिए उनकी सुरक्षा व बाहरी लोगों की हत्या का आतंकी खेल बढ़ा दिया है। इन्हीं सब कारणों से भाजपा ने कांग्रेस के महंगाई विरोधी काले लिबासी आंदोलन को अयोध्या के धार्मिक मुद्दें से जोड़ा, जबकि देश का हर हिन्दू आम वोटर यह जानता है कि यह भाजपा की केवल और केवल राजनीतिक चाल है, इस आरोप का वास्तविकता से कोई लेना देना नही है। ....और मंहगाई के इस दौर मे जैसे-तैसे अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाला हर देशवासी यह जानता है कि भाजपा के इस आरोप में कितनी सत्यता है?

# दिल्ली के पुराने सचिवालय व विधान सभा की अनकही कहानी

विनोद तकियावाला

विश्व के प्रजातंत्र की जननी भारत,भारत की राजधानी दिल्ली दिल्ली हमारी ऐतिहासिक विरासत को अपनी दिलोजान से संजोय व संवार कर रखने वाली दिल्ली।जी हाँ मै दिल बालों की शहर दिल्ली की बात कर रहा हूँ % इन दिनों सभी के जुबान पर एक चर्चा है कि अपना देश भारत अपनी आजादी का 75 वर्ष पुरे करने जा रहा है।इस अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।केन्द्र सरकार द्वारा पुरे बर्ष चले वाले सरकारी कार्यक्रम आयोजित किये गये।केन्द्र सरकार ने इस वर्ष को अमृत महोत्सव को अमृत काल से नबाजा है। वही केन्द्र की सरकार ने हर घर तिरंगा ,तो दिल्ली की सरकार द्वारा हर हाथ तिरंगा का नारा दिया जा रहा है।दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के विभिन्न जगहों पर 166 फीट का 500 तिरंगा फहरा कर नया इतिहास रचते हुए एक नारा दिया है कि इण्डिया को न01बनाना है।यह तभी सम्भव है।जब सभी भारत वासी अपने राष्ट्र धर्म का निर्वाह करेंगें।राष्ट्रप्रेम के रंग में अपने आप को सराबोर कर उन स्वतंत्रता के वीर वॉकूरों को याद किया जाय।स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के उन गुमनामी शहीदों को याद कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी जाय।इसी क्रम में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उन गुमनामी की कहानी का जीता जागरण दिल्ली की कुछ ऐतिहसिक धरोहर आज भीअपनी बेजुबानी से एक अनकही कहानी कह रहा है।जररूत है उस जगह जा कर कुछ पल विताने की है।उसके बारे जानने की।ऐसे आज मै आप के दिल्ली के एक ऐतिहासिक जगह के बारे में बताने जा रहे है।हो सकता है डिआप में से कुछ लोग ये जानते होगे।दिल्ली का पुराना सचिवालय ,जहाँ दिल्ली का विधान सभा भी है।दिल्ली के विधान सभा की ऐतिहासिक यात्रा की कुछ कही,कुछ सुनी,कुछ अनकही यह कहानी है। इस संदर्भ मे मुझे विधान सभा के परिसर में आयोजित एक हास्य कवि के दौरान दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल के द्वारा दिये गये उद्बोधन के दौरान पता चला कि दिल्ली के पुराने सचिवालय व विधानसभा का अपना ऐतिहासिक इतिहास है। अध्यक्ष के अनुसार दिल्ली विधान सभा का गठन पहली बार 7 मार्च 1952 को गवर्नमेंट ऑफ पार्ट सी स्टेट्स एक्ट,1951 के तहत किया गया था । जिसका उद्घाटन तत्कालीन गृहमंत्री के एन काटजू ने किया। दिल्ली के इस नवगठित विधानसभा में कुल 48 सदस्य थे, तथा दिल्ली के मुख्य आयुक्त की सलाहकार भूमिका में एक मंत्रिपरिषद का गठन किया गया % हालाकि इस मंत्रिपरिषद को कानून बनाने की शक्ति प्रदान की गई थी।पहली मंत्रिपरिषद का नेतृत्व चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने किया,जो वाद में दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने।हॉलाकि सन1953 में स्थापित राज्य पुनर्गठन आयोग ने राज्यपुनर्गठनअधिनियम1956 के माध्यम से संवैधानिक संशोधन का नेतृत्व किया,जो1नवंबर 1956 को लागू हुआ।इसका मतलब था कि दिल्ली अब एक पार्ट-सी राज्य नहीं था और इसे एक संघ बना दिया गया था।भारत के राष्ट्रपति के प्रत्यक्ष प्रशासन के अधीन क्षेत्र होने के साथ ही दिल्ली विधानसभा और मंत्रिपरिषद को एक साथ समाप्त कर दिया गया।इसके बाद दिल्ली नगर निगम अधिनियम सन1957 अधिनियमित किया गया।परिणान स्वरूप दिल्ली नगर निगम का गठन हुआ।सन 1966 के सितंबर माह में÷दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन एक्ट1966÷ के साथ विधानसभा की जगह दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल ने 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल को इसके प्रमुख के रूप में बदल दिया।हालाँकि परिषद के पास कोई विधायी शक्ति नहीं थी,केवल दिल्ली के शासन में एक सलाहकार की भूमिका थी।यह व्यवस्था सन 1990 तक कार्य करती रही।इस परिषद को अंतत



संविधान के 69वें(उनसठवेंसंशोधन)अधिनियम1991 के माध्यम से दिल्ली विधान सभा द्वारा प्रतिस्थापित किया गया,इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली अधिनियम, 1991 की सरकार द्वारा भारत के संविधान में 79 वाँ (उनहत्तरवां) संशोधन किया गया,जिसने घोषणा की केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के रूप में जाना जाता है और यह विधान सभा और मंत्रिपरिषद और संबंधित मामलों से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों का पूरक है। विधान सभा का चयन पाँच साल की अवधि के लिए किया जाता है आजादी के अमृत महोत्सव सम्पूर्ण देश मनाया जा रहा है। आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं,उस खुली हवा को देने के लिए अनगिनत लोगों ने अपनी जान कुर्बान कर दी ,उन्हें ना

केवल याद करना है बल्कि उनके सपनों को पुरा करना है।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनेकों कार्यकम आयोजित की जा रही है। मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल नें इसी क्रम में विगत दिनो दिल्ली विधान सभा परिसर में पुनर्निमित फांसी घर का भी उद्घाटन किया गया है।यह फांसी घर अंग्रेजों के जमाने का है।यह विधानसभा काफी पुरानी है।यह अंग्रेजों के जमाने का स्ट्रक्चर है।किसी को पता नहीं था कि यहां पर फांसी घर है।सिर्फ लोग कहते थे कि यहां एक फांसी घर है।किसी ने ताला तोड़कर उसके अंदर जाने की हिम्मत नहीं की।विधानसभा अध्यक्ष जी ने ताला तुड़वाया और अंदर गए तब देखा कि किस तरह से एक साथ दो लोगों को फांसी देने का सिस्टम बना हुआ है।एक बार तो देखकर दिल दहल जाता है।आप जब कल्पना करने की कोशिश करते हैं कि किस तरह से हमारे वीरों को यहाँ पर फांसी दी जाती होगी,तो बड़ी घबराहट सी होती है। आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं,उस खुली हवा को देने के लिए कितने अनगिनत लोगों ने अपनी जान कुर्बान कर दी अंग्रेजों के शासन काल एक कोर्ट लगता था। विधान सभा परिसर में एक फांसी घर है।जिसका गुप्त सुरंग से लाल किला तक है।लाल किले के अन्दर कैद किये गये स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी को कैदी बना कर रखा जाता था।ना जाने ऐसे ही देश भर में कितने फांसी घर होंगे,जहां पर अनगिनत लोगों को फांसी पर लटकाया गया,उसकी अनगिनत शहादत के बाद हमें यह आजादी मिली है।आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन सब लोगों को भी याद करने का मौका है,जिन लोगों ने हमें आजादी दिलाने के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। हमारा फर्ज बनता है कि हम सब लोग मिलकर ऐसा भारत बनाएं,जो अपनी शहादत देने वाले लोगों का सपना था। अभी यह कहते हुए आप से विदा लेने का वक्त आ गया है कि-ना ही काहूँ से दोस्ती,ना ही बैर।खबरीलाल तो माँगे,सबकी खैर ॥

**फिर मिलेगे तिरक्षी नजर से , तीखी खबर के संग ।इससे पहले खबरी लाल अपने मित्रजनों , प्रिय पाठक जनों व शुभ चिन्तकों को अगामी 76वें स्वतंत्रता दिवस की अग्रमि शुभ कामनाएं।**

## वाणी का शरीर पर प्रभाव

### -प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है। इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतत्वाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए।

## राष्ट्र की जाग्रत चेतना का अपमान समाज को अस्वीकार्य

डॉ निशा शर्मा

भारत देश आर्यों का देश माना जाता है आर्य अर्थात श्रेष्ठतम प्राणी आर्य संस्कृति का मूल है सदाचार का पालन आर्य नर और नारी इसी गुण के कारण सूर और सति कहलाते हैं सूर का अर्थ है अजेय योद्धा और ईश्वर ने आर्य नारी को ऐसे अप्रतिम गुणों के साथ कर उत्पन्न किया है जो अपने इन महान गुणों से इस स्त्रष्टि पर उपकार करती आई है। सम्पूर्ण धरातल के मानस पटल पर नारी को सदैव देवतुल्य माना गया है और नारी भी इस तथ्य को सिद्ध करती आई है। गार्गी-याज्ञवल्क्य संवाद इसका अनुपम उदाहरण है। आदिशंकराचार्य ने भी अपने गीतकाव्य सौन्दर्य लहरी में नारी के नेतृत्व शैली एवं शक्ति की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा है कि यदि शिव शक्ति के साथ हों तो शिव में भी स्फुरण की क्षमता विधमान रहती है अन्यथा शिव भी शव ही रह जाते हैं। किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए नारी शक्ति का विशेष महत्व है नारी स्वयं एक शक्ति ही नहीं अपितु एक पथ प्रदर्शक भी है जिसमें नेतृत्व की अपार क्षमता देखने को मिलती है वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक भारतीय नारी ने अपनी बुद्धि और शक्ति का परिचय दिया है। जहाँ लोपामुद्रा ऋग्वेद की मंत्रद्रष्टा थीं, वहीँ गार्गी ने अपनी प्रतिभा, बौद्धिकता और ज्ञान का परिचय दिया। मध्य काल में जहाँ एक ओर मीराबाई ने अपनी अस्मिता और स्वत्व को महत्व देकर रूढ़िवादी समाज को चुनौती दी तो वहीँ आधुनिक समाज में नारी शक्ति की अनुभूति नेता जी सुभाषचंद्रबोस की स्त्री सेना में हुई। स्त्री की इसी नेतृत्व क्षमता का परिचय जयशंकर प्रसाद की कामायनी में मिलता है - मनु का पथ अवलोकित करती / इड़ा अग्नि ज्वाला सी। यह इड़ा का चरित्र आज की नारी का प्रतिनिधत्व करता है जिसमें सामंती मानसिकता को चुनौती देने की क्षमता है। इसी प्रकार महादेवी वर्मा की लेखनी में भी नारी की प्रतिबद्धता देखने को मिलती है। वर्तमान समय की बात करें तो गुंजन सक्सेना, पी.वी.सिन्धु, गीता फोगाट, सायना नेहवाल, साक्षी मालिक, मैरीकाम, मीराबाई चानू आदि अनेक नाम हमारे समक्ष हैं जिन्होंने रूढ़िवादी भारतीय समाज की समस्त चुनौतियाँ स्वीकार की और सम्पूर्ण विश्व में अपने प्रदर्शन से भारत को गौरान्वित किया परन्तु वर्तमान भारतीय परिवेश में महिलाओं की स्थिति घुमावदार चक्रव्यहू की तरह नजर आती है कभी उसे शिखर पर वैठाकर देवी बना दिया जाता है तो कभी उसे दासी समझा जाता है। अवसरानुसार एवं सुविधानुसार महिलाओं की स्थिति पेंडुलम की भांति इधर उधर डोलती रहती है पर सच्चाई तो यह है कि महिलायें समाज की आधारशिला होती हैं। महिलाओं की इसी स्थिति में सुधार का प्रयास ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाया गया कदम है परन्तु विडम्बना यह है कि जहाँ हम सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हैं वहीँ तुरंत ही विकृत, कुंठित मानसिकता के धनी कुछ लोग अपने नैतिक मूल्यों की तिलांजलि देते हुए दिख जाते हैं। भारतीय सविधान के अनुच्छेद 15 (3) में विशेष उपबंध के तहत लैंगिक निष्पक्षता, समानता तथा सशक्तीकरण की व्यवस्था भले ही की गयी हो किन्तु इसका उल्लंघन निरंतर ज़ारी है। अभी हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति पर अनर्गल टिप्पणी कर एक राष्ट्रीय पार्टी के कद्दावर नेता अचानक सुर्खियों में आ गए या यूँ कहें कि वे ये विचार कर रहे थे कि किस प्रकार सुर्खिया बटोरी जाएँ। लेकिन शायद सस्ती लोकप्रियता के चक्क्कर में नेता जी इतिहास को भूल बैठे क्योकि इतिहास गवाह है कि जब जब भारतीय नारी पर कुपित द्रष्टि पड़ी है तब तब भारतीय नारी ने ही उसका संहार किया किया है। वह रामायण की सीता हों, महाभारत की द्रौपदी, सयोगिता हों, या फिर चित्तोढ़ की रानी पद्मावती। सभी ने अपने स्वाभिमान की सदैव ही रक्षा की है। नारी के सम्मान, उसके स्वाभिमान की रक्षा के लिए राष्ट्र के प्रति समर्पित समाज ने सदैव ही अग्रणी भूमिका निभाई है। यही कारण है कि वर्तमान में देश के सर्वोच्च पद पर आसीन एक महिला के प्रति विवादित बोल बोले जाने पर समाज के प्रत्येक वर्ग ने इसका विरोध किया। आज समाज को ऐसी मानसिकता वाले व्यक्तियों को पहचानने की अत्यंत आवश्यकता है और साथ ही इनके चरित्र की भी पहचान आवश्यक है। चीनी दार्शनिक कनफ़्यूसियस के अनुसार यदि आपका चरित्र अच्छा है तो आपके परिवार में शान्ति होगी और यदि आपके परिवार में शांति है तो आपके समाज में शांति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में सत्ता पक्ष अथवा विपक्ष में दायित्ववान होने का तात्पर्य यह नहीं कि हम अपने नैतिक मूल्यों, संस्कारों, कर्तव्यों, निष्ठा जैसे नैसर्गिक गुणों को ही भुला दें। यही गुण तो हमें पशुता की श्रेणी से अलग करते हैं।

# सुशासन बाबू की सियासी-कुलाटी

### सूडोकु नवताल- 6165

★★★✬☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

नीतीश कुमार फिर मुख्यमंत्री बन गए। पिछले दस सालों में छठवीं बार। अब तक कुल आठ बार। अपने आप में एक रिकार्ड है। मानना पड़ेगा, वह अद्भुत कला के माहिर हैं। कब दोस्त को दुश्मन बना लें और कब दुश्मन को दोस्त, कोई नहीं जानता। नीतीश कुमार ने अचानक भारतीय जनता पार्टी से अपना गठबंधन तोड़ा, एनडीए छोड़ा और जा मिले कांग्रेस, राजद और वामपंथियों के महागठबंधन में। इस बार पाला बदलने की वजह अपने लोगों की इच्छा को बता रहे हैं। 2017 में भी इसी तरह लोगों को चौंकाया था। उस समय महागठबंधन से अलग होकर एनडीए में जाने वजह अंतर्आत्मा की आवाज बताई थी। 2017 में नीतीश के मुंह से निकले शब्दों को लोग भूले कहां हैं। तब कह रहे थे, कुर्सी जनता की सेवा के लिए मिली है ना कि किसी परिवार(लालू परिवार)की। लालू परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर खिन्न दिख रहे थे। नैतिकता की दुहाई दी थी। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या लालू परिवार भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त हो गया है? भ्रष्टाचार के पांच में से चार मामलों में लालू यादव को सजा सुनाई जा चुकी है। तेजस्वी यादव पर जो आरोप लगे थे उससे वह भी अभी कहां मुक्त हुए हैं? शायद बोल कर उसे भूल जाना नीतीश की नजर में कोई ऐब नहीं है। उन्होंने 2014 में भी कहा था, मिट्टी में मिल जाएंगे पर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। ऐसे दृढ़ संकल्प वाले थे तो क्यों 2017 में भाजपा की शरण में गए। 2020 का विधानसभा चुनाव एनडीए ने नीतीश को आगे करके लड़ा था। उस समय का एक दृश्य याद आता है। नीतीश कहते सुने गए थे कि सम्भवत- यह उनके जीवन का आखिरी चुनाव है। वह भावनात्मक शोषण का एक टोटका था, जो चला नहीं। सभी जानते हैं कि भाजपा और जदयू को मिली सफलता में बहुत बड़ा हाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था। भाजपा को 77 और जदयू को 45 मात्र सीटें मिलीं थीं। भाजपा ने फिर भी नीतीश कुमार का मान रखा।

बिहार के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर मिश्रित प्रतिक्रिया आई है। यह सवाल अवश्य पूछा जा रहा है कि नीतीश बाबू को किस बात के लिए इतिहास में याद रखा जाएगा? जदयू वालों को वह विकास पुरूष के रूप में दिखाई देते हैं। कुछ लोग उन्हें सुशासन बाबू कहना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया में नीतीश पर बड़े तीखे कमेंट्स देखने में आए हैं। कितने ही लोग उन्हें पलटूराम कह कर कटाक्ष कर रहे हैं, जो अपनी कुर्सी बचाने के लिए कभी भी पलटी मार लेता है। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान की प्रतिक्रिया बताती है कि कम उम्र में भी वह अनेक राजनेताओं की तुलना में अधिक गंभीर और परिपक्व हैं। चिराग के अनुसार नीतीश को जब कुर्सी हिलती दिखती है तो उन्हें अंतर्आत्मा की आवाज सुनाई देने लगती है। वह सत्ता के लिए समझौते करते रहे हैं। चिराग सवाल करते हैं, नीतीश यह क्यों भूल जाते हैं कि इतिहास में उन्हें किस तरह याद रखा जाएगा? केन्द्रीय मंत्री आर.के.सिंह ने कहा कि अब भविष्य में भाजपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। नीतीश के ताजा फैसले पर वह कहते हैं कि यह सिद्धांतविहीन राजनीति का प्रमाण है। ऐसा व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं होता, कब साथ छोड़ दे कह नहीं सकते। किसी ने उनके कान में भर दिया कि आप पीएम मटेरियल हो जबकि एक राज्य के बाहर उनकी पार्टी का वजूद नहीं है। केवल पांच प्रतिशत वोट शेयर है। एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि बिहार के घटनाक्रम ने साबित कर दिया कि राजनीति में कोई किसी का स्थाई दुश्मन या दोस्त नहीं होता। इन्हीं नीतीश ने 2020 में कहा था, बेटे की चाहत में नौ बेटियां पैदा कर ली। खुद जेल गए तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। समझिए किसके संदर्भ में ये बातें कही गईं थीं। 2017 में लालू यादव ने नीतीश के सियासी चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा था, नीतीश सांप है। उसी दौर की तेजस्वी यादव की टिप्पणी याद रखनी चाहिए- जनादेश की डकैती कर चोर दरवाजे से भाजपा को सत्ता में लाया गया है। अप्रैल 2018 नीतीश संबंधी सवाल पर भडके लालू ने कहा था, इसे मैं अच्छी तरह से जानता हूं। इसकी अकड़ी में दांत हैं। नीतीश का राजनीतिक इतिहास देखें तो उसमें अनेक यूटर्न मिलेंगे। जयप्रकाश नारायण की अगुआई वाले आंदोलन से उस समय जो युवा नेता उभर कर सामने आए उनमें लालू यादव, नीतीश कुमार, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी और रामविलास पासवान प्रमुख नाम रहे। नीतीश ने पहली बार विधानसभा चुनाव 1977 में लड़ा था लेकिन पहली बार चुनाव 1985 में जीता था।

## ये हत्यारे कैसे छूट गए?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस 15 अगस्त को नारी-सम्मान में जैसे अदभुत शब्द कहे, वैसे किसी अन्य प्रधानमंत्री ने कभी कहे हों, ऐसा मुझे याद नहीं पड़ता लेकिन देखिए कि उसके दूसरे दिन ही क्या हुआ और वह भी कहां हुआ गुजरात में। 2002 के दंगों में सैकड़ों निरपराध लोग मारे गए लेकिन जो एक मुस्लिम महिला बिल्किस बानो के साथ हुआ, उसके कारण सारा भारत शर्मिंदा हुआ था। न सिर्फ बिल्किस बानो के साथ लगभग दर्जन भर लोगों ने बलात्कार किया, बल्कि उसकी तीन साल की बेटी की हत्या कर दी गई। उसके साथ-साथ उसी गांव के अन्य 13 मुसलमानों की भी हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध के लिए 11 लोगों को सीबीआई अदालत ने 2008 में आजीवन कारावास की सजा सुनवाई थी। इस मुकदमे में सैकड़ों लोग गवाह थे। जजों ने पूरी सावधानी बरती और फैसला सुनाया था लेकिन इन हत्यारों की ओर से बराबर दया की याचिकाएं लगाई जा रही थीं। किसी एक याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका पर विचार करने का अधिकार गुजरात सरकार को है। बस, फिर क्या था? गुजरात में भाजपा की सरकार है और उसने सारे हत्यारों को रिहा कर दिया। गुजरात सरकार ने अपने ही नेता नरेंद्र मोदी के कथन को शीर्षासन करवा दिया। क्या यही नारी का सम्मान है? क्या यही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवताः' श्लोक को चरितार्थ करना है। क्या यही नारी की पूजा है? किसी परस्त्री के साथ बलात्कार करके हम क्या हिंदुत्व का झंडा ऊँचा कर रहे हैं? इन हत्यारों को आजन्म कारावास भी मेरी राय में बहुत कम था। ऐसे बलात्कारी हत्यारे किसी भी संप्रदाय, जाति या कुल के हों, उन्हें मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, उनको सरे-आम फांसी लगाई जानी चाहिए और उनकी लाशों को कुत्तों से घसिटवाकर नदियों में फिंकवाना चाहिए ताकि भावी बलात्कारियों को सांप सूंघ जाए। गुजरात सरकार ने यह कौटलीय न्याय करने की बजाय एक घिसे-पिटे और रद्द हुए कानूनी नियम का सहारा लेकर सारे हत्यारों को मुक्त करवा दिया। हत्यारे और उनके समर्थक उन्हें निर्दोष घोषित कर रहे हैं और उनका सार्वजनिक अभिनंदन भी कर रहे हैं। गुजरात सरकार ने 1992 के एक नियम के आधार पर उन्हें रिहा कर दिया लेकिन उसने ही 2014 में जो नियम जारी किया था, उसका यह सरासर उल्लंघन है। इस ताजा नियम के मुताबिक ऐसे कैदियों की दया-याचिका पर सरकार विचार नहीं करेगी।

# अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के आवासों को उजाड़ने के विरोध में माकपा ने दिया ज्ञापन



**सबलगढ़।** नगर कैलारस के अंतर्गत खोरी माता व झरना वाले हनुमान के बीच में गत 10-15 वर्षों से आवासहीन गरीबों के आशियाने बने हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना अधिनियम 2014 जारी कर शासकीय भूमि पर आवास बनाकर रह रहे नागरिकों को पट्टे देने के आदेश दिये हैं। इसके बाद वर्ष 2019-20 में उक्त आदेश को पुनः जारी किया गया है। परंतु उक्त गरीब आवासहीनों को सर्वे कराकर आवास के पट्टे व आवास देने के बजाय, उन्हें उजाड़ने की कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त स्थान पर वाटर फिल्टर प्लांट, कॉलेज व गौशाला बनाई जाएगी। ज्ञापन के दौरान माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने बताया कि एक और क्वारी नदी में पुल के पास से दूषित जल लगभग तीन-चार किलोमीटर लाया जाएगा। तब उसे वाटर फिल्टर प्लांट में शोधित कर पूरे नगर में सप्लाई किया जाएगा। इसके बीच में दोनों ओर ब्रॉडगेज लाइन भी आएगी। यह योजना भारी खर्चीली व अनुपयोगी साबित होगी। इसी तरह क्वारी नदी के बीहड़ में कॉलेज की बिल्डिंग बना कर छात्राओं और छात्रों के लिए उसे दुर्गम बना दिया जाएगा। गौशाला भी बिजली घर के नीचे नदी के किनारे बनाई जा सकती है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। उक्त योजनाओं के नाम पर शासन के आदेश के बाद भी गरीबों के आशियाने को तोड़कर उन्हें उजाड़ा जा रहा है। इसके विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की ओर से सैकड़ों महिला पुरुषों ने अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ को तथा मुख्यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल को ज्ञापन प्रस्तुत किया है। उस ज्ञापन में उक्त क्षेत्र में बस रहे आवासहीन गरीबों को पट्टे देने व आवास देने की मांग उठाई गई और उनके आशियाने नहीं तोड़ने की भी मांग की गई है। ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लिया गया है। इस मौके पर नागरिकों को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी, जिला सचिव महेश प्रजापति, जिला समिति सदस्य ओमप्रकाश श्रीवास, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह जमस की गुड्डी बाई, मुन्नी बाई ने कहा कि गरीबों के आवास नहीं तोड़े जाएं। उन्हें आवास और पट्टे दिए जाएं। आगामी कार्यवाही के तोर पर नगर परिषद के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन भी दिया जाएगा।

## राशन लेने जा रहा ग्रामीणों से भरा ई-रिक्शा पलटा, पति पत्नी सहित 5 लोग हुए घायल

**मुरैना।** ग्रामीण क्षेत्र में राशन की दुकान से ई-रिक्शा में सवार होकर राशन लेने जा रहे यात्रियों से भरा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के दिमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करारी गाँव के महिला पुरुष ग्रामीण बुधवार को गाँव से लगभग 3 किलोमीटर दूर सोसायटी से अपना राशन लेने ई-रिक्शा में बैठकर जा रहे थे, जब ई-रिक्शा सिरमिति गाँव के पास से गुजर रहा था, तभी बीच सडक पर अचानक गाय आ गई, गाय बचाने के फेर में ई-रिक्शा अनियंत्रित हुआ और पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उसमें बैठे सभी लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीण एकत्रित हुए और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल आते ही इमरजेंसी ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ ने इलाज शुरू किया। घायलों में करारी गाँव के रहने वाले पति पत्नी 50 वर्षीय राजेंद्र जाटव और 45 वर्षीय अंगूरी जाटव, 35 वर्षीय रेखा पत्नी मनीराम बाल्मीक, बबली पत्नी जगदीश बाल्मीक 30 वर्ष और गीता बाल्मीक घायल हुई है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद सर्जीकल वार्ड में भर्ती करा दिया गया है, जहाँ सभी का इलाज जारी है।

## पहाड़गढ़ रोड़ गड्ढों में तब्दील, जल भराव से पैदल निकलना मुश्किल



**मुरैना।** कैलारस से पहाड़गढ़ के लिए जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। नाली का पानी सड़क पर होने से डामर का रोड़ पूरी तरह उखड़कर गड्ढों में बदल गया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते से लगभग हजारों बाहन निकलते है और स्कूल के लिये पैदल जाने बाले छात्रों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी सड़क की ओर शासन-प्रशासन के किसी भी अधिकारी का ध्यान नही हैं। जिला मुख्यालय पर शहर के प्रत्येक इलाके की सड़कों की हालत इतनी खस्ता है कि लोगों का निकलना मुश्किल है, तब कैलारस से पहाड़गढ़ जाने वाले मार्ग की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा स्वतः ही लगाया जा सकता है। सड़क पर पानी भरे रहने के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। पानी भरे होने के कारण सड़क में गढ्ढे हो चुके हैं, जिससे मोटर साइकिल आदि वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, पैदल निकलने वाले राहगीरों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## पोरसा ब्लॉक के ग्राम कसमड़ा में निकाली तिरंगा रैली



**मुरैना।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पोरसा ब्लॉक के ग्राम कसमड़ा में तिरंगा रैली निकाली गई, रैली में 50 से अधिक लोग शामिल हुये। इस यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुनेंद्र तोमर, अमन के द्वारा किया गया। सभी ग्रामीणजनों ने हाथ में तिरंगा लेकर आजादी के नारे लगाते हुए गांव में रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सुमन बाई उमाशंकर ने की। इस अवसर पर शंकरलाल बघेरिया, शिवमंगल सिंह तोमर, अंजली तोमर, प्रिया तोमर, राम बाला तोमर, संदीप शर्मा, रामसेवक भदोरिया आदि लोग उपस्थित थे।

# सोन नदी में पानी बढने से दो दर्जन गांवों का संपर्क टूटा

### कैलारस मुख्यालय से महज 5 किमी दूर है रीझौनी ओर पांडोली रपटा



**मुरैना।** कैलारस की ग्राम पंचायत रीझौनी में बारिश के कारण सोन नदी में भी उफान है। इस उफान से कैलारस में एमएस हाइवे से 5 किलोमीटर दूर रीझोंनी और पांडोली गांव के बीच बना रपटा डूब गया है। रपटा डूबने से कई गांवों का संपर्क बंद हो गया, वहीं रपटे पर 10 फुट पानी है। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ट्यूव में हवा भरकर निकल रहे हैं। अभी तक रपटे से पानी कम नही हुआ। रींझोनी व पांडोली गांव के बीच बने रपटे के जलमग्न हो जाने के कारण फुलोंदा, बूढसिरथरा, कमला का पुरा, पांडोली , विरावली, किरावली, कोटसिरथरा, तहातीपुरा, डमेजर, बल्लूपुरा, ठडसोरपुरा, ब्रह्मबाजना, मालीबजना, अरोंदा, सासबैपुरा, बेहरापुरा सहित लगभग आधा दर्जन गांवों में आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। यहां तक कि किसान अपने खेतों पर भी नहीं पहुंच पाए। क्षेत्रवासियों का कहना है प्रतिवर्ष बरसात के सीजन में यही हालत बनती है। ग्रामवासियों द्वारा कई बार मांग की गई है, लेकिन रपटा को ऊंचा करके पुल की शक्ल में नहीं बनवाया गया है। वर्षा के चलते भारी बारिश में रपटा के ऊपर पानी चल रहा है, पिछले वर्ष भी कई लोग बह गये थे। शासन व प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है और आमजन मुसीबत में फंसा होकर भाजपा सरकार को कोस रहा है, जबकि बुधवार को ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा की बैठक थी। सरपंच अशोक यादव किरावली मानगढ का कहना है कि आवागमन बंद होने के कारण कर्मचारी नहीं आ पा रहे हैं और जनता को सरकारी योजनाओं के बारे में नहीं बता पा रहे हैं। दो दिन से नदी उफान पर है इस कारण लोगों का आना- जाना मुश्किल हो गया है, लोगों को नदी में ट्यूब डालकर रपटा पार कर रहा है।

**इनका कहना है:** जनपद पंचायत कैलारस कुछ क्षेत्र में सोन नदी उफान पर आने से कई गांवों का संपर्क टूट जाता है, सरपंच सचिवों ने बताया है कि 20 से 25 गांव ऐसे है, जिनमे आने जाने लोगो खतरा उठाना पड़ता है। में बरिष्ठ अधिकारियों से बात करके नई डीपीआर तैयार करवाता हूं जिससे कि बड़ा पुल बनाने का रास्ता साफ हो सके। यहां हर वर्ष वरसात में परेशानी होती है।

**डॉ ईश्वरी सिंह वर्मा**

## नगर निगम मुरैना में एमआईसी का गठन

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी द्वारा नगर निगम की गतिविधियों को बेहतर रूप से संचालित करने के उद्देश्य से मेयर इन काउंसिल का गठन किया है। इसमें कांग्रेस सहित सपा, बसपा के पार्षद भी शामिल है जो निर्दलीय व अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर पार्षद बने है। महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी को मेयर इन काउंसिल में अध्यक्ष नामांकित किया गया है, जबकि श्रीमती बबीता उपेंद्र सिंह, रमेश उपाध्याय, राकेश यादव, विजय रामसेवक डण्डोतिया, श्रीमती ममता राकेश गर्ग, श्रीमती कलावती मां बालकिशन इंदौलिया, श्रीमती रागिनी मंजीत सिकरवार, सोनू जोनवर को सदस्य नामांकित किया गया है, इसकी सूचना नगर पालिक निगम के आयुक्त संजीव जैन ने सभी सदस्यों को प्रदान कर दी है। गौरतलब है कि श्रीमती कलावती मां बालकिशन इंदौलिया दो बार बसपा से पार्षद रह चुके हैं, वहीं रमेश उपाध्याय भाजपा के चार दशक तक कार्यकरता रहे और पार्टी की तन-मन से सेवा की। श्री उपाध्याय पूर्व में भी दो बार पार्षद रह चुके हैं, इस बार टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली और चुनाव जीत गए, वहीं श्रीमती रागिनी मंजीत सिकरवार कांग्रेस के वर्षों से कार्यकर्ता रहे, टिकट नहीं मिलने के कारण सपा में शामिल हो गए और चुनाव जीत गए। मेयर इन काउंसिल में 8 सदस्य हैं, जिनमें 4 कांग्रेसी 1-1 सपा व आदमी पार्टी तथा दो निर्दलीय पार्षद शामिल है।




# नल-जल योजना के रखरखाव,जल कर व अंशदान राशि जमा करने ली जिम्मेदारी

**मुरैना।** ग्राम पंचायत नावली बड़ागांव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ जुड़कर सहायता एजेंसी के तौर पर काम कर रही संस्था प्राकृतिक चिकित्सालय एवं महाविद्यालय समिति जिला मुरैना के टीम लीडर मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा ग्राम सभा में पहुंचकर ग्राम वासियों को नल जल योजना के बारे में अवगत कराया एवं योजना के रखरखाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की, साथ ही ग्राम सभा में ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति का निर्माण कराया गया, जिसमें ग्राम वासियों ने सर्वसम्मति से गांव के साथियों का चयन किया और नल-जल योजना के रखरखाव एवं जल कर की वसूली एवं अंशदान राशि जमा कराने की जिम्मेदारी ली। ज्ञातव्य रहे कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ आईएसए मध्य प्रदेश प्राकृतिक चिकित्सालय एवं महाविद्यालय समिति ग्वालियर विगत माह से कार्य कर रही है और इसी तरह से निर्धारित तिथियों में होने वाली ग्राम सभाओं में पहुंच कर आईएसए के प्रतिनिधि बीडब्ल्यूएससी और वीएपी का निर्माण कार्य करा रहे हैं यह कार्य सबलगढ़ से लेकर पहाड़गढ़, कैलारस, जौरा, अंबाह, पोरसा सहित समस्त विकास खंडों में किया जा रहा है। आज की ग्राम सभा में ग्राम पटवारी दिग्विजय सिंह मावई, सरपंच गायत्री, सचिव कुम्हेर सिंह, जीआरएस रीमा कुशवाह, आशा पर्यवेक्षक राधा शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम और महिला बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला तोमर एवं उषा देवी विशेष तौर से उपस्थित रहे।



## राजस्थान की घटना को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा ने दिया ज्ञापन



**मुरैना।** राजस्थान मैं विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा मटकी से पानी पीने पर दलित छात्र इंद्र कुमार की मारपीट कर दी गई, जिससे छात्र की मौत हो गई। इस घटना ने तूल पकड़ा और छुआछूत को लेकर बहस छिड़ गई। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मुरैना ने इसे गंभीर घटना बताते हुए देश के लिए खतरा बताया है और घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। अनुसूचित जाति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर मांग की है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख की सहायता राशि दी जाए, परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी, आरोपी को फांसी की सजा और स्कूल की मान्यता समाप्त की जाए। यह ज्ञापन जिला महामंत्री दिलीप पिप्पल एडवोकेट के नेतृत्व में दिया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा दिए गए ज्ञापन में हमीर पटेल, संजय शर्मा, चारूकृष्ण डण्डोतिया, दिलीप मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल का समर्थन करने पहुंचे पंकज उपाध्याय




**कैलारस।** नगर में नेरोगैज से ब्रॉडगेज रेल लाइन निर्माण के कार्य में अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग और आसपास की बस्तियों की हजारों आबादी के लिए अंडर ब्रिज (सब वे) बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी रही। भूख हड़ताल को समर्थन देने के लिए जौरा विधानसभा कांग्रेस से प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार सिंघल आन्दोलन स्थल पर पहुंचे। विदित हो कि ग्वालियर चंबल की सबसे पुरानी रेलवे लाइन नैरोगेज रेलवे लाइन अब ब्रॉडगेज के रूप में परिवर्तित की जा रही है, जिसके क्रम में अब तक जौरा नगर में पुलिया और रास्तों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। अब कैलारस में पुलिया एवं मार्गों का कार्य चल रहा है जिसमें कैलारस अस्पताल के सामने और आसपास की बस्तियों की हजारों संख्या की आबादी का मार्ग ना होने से नगर से विच्छेद हो सकता है। इसी मांग को लेकर कई दिनों से रहवासियों की पुलिया की मांग जोर पकड़ रही थी, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों एवं नगर के प्रबुद्धजनों ने अपनी आवाज सुनी व भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया। विगत कई दिनों से चली आ रही इस भूख हड़ताल में पंकज उपाध्याय ने पहुंचकर कहा कि अगर शासन अभी भी हमारी मांग को नहीं सुनेगा तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# शिवराज ही नहीं सिंधिया भी डूबे हैं, कारम बांध के भ्रष्टाचार में: जसविन्दर

**मुरैना।** 305 करोड़ के कारम बांध के पहली ही पानी भराई में बह जाने और 18 गांवों की 22 हजार से ज्यादा जिंदगियों को दांव पर लगाने वाले इस भृष्टाचारी पाप में शिवराज ही नहीं सिंधिया भी भागीदार हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि प्रश्न यह नहीं है कि दिल्ली की ब्लैक लिस्टेड कंपनी को ठेका कैसे दे दिया गया। प्रश्न यह है कि कैसे यह ठेका पेट्टी कॉन्ट्रैक्ट के नाम पर सारथी कंपनी के पास पहुंच गया, जिसमें 50 फीसद शेयर मुख्यमंत्री के ओएसडी नीरज वशिष्ट के हैं। इस तरह दिल्ली के रास्ते ग्वालियर होता हुआ ठेका भोपाल ही नहीं मुख्यमंत्री कार्यालय ही पहुंच गया था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि इसीलिए इस बांध की लागत को 105 करोड़ से बढा कर 305 करोड़ कर दिया गया ताकि जमकर भृष्टाचार किया जा सके। जसविंदर सिंह ने कहा है कि इस मामले में मुख्यमंत्री की भागीदारी तीन बातों से स्पष्ट है। पहला मंत्री मण्डल में विरोध के बावजूद ठेका देना। दूसरा इस ठेके की क्लीयरेंस में कोई तकनीकी दिक्कत न हो, इसलिए भाजपा नेता माधव सिंह डाबर के भाई को रिटायरमेंट के चार माह बाद कानूनों को ताक पर रख कर नियुक्ति देना। तीसरा अपने ओएसडी के माध्यम से पूरी राशि पर अपना नियंत्रण कर लेना। माकपा के कहा है कि ईडी के छापे में जब पाया गया था कि इस कंपनी ने 93 करोड़ की रिश्वत दी है तो फिर साफ है कि जब काम शुरू होने से पहले ही एक तिहाई राशि डकार ली गई तो बाकी बचे पैसे की भी ऐसे बंदरबांट हुई होगी। जसविंदर सिंह ने कहा है कि एक समाचार एजेंसी के अनुसार सिंधिया के साथ आए विधायकों के साथ सौदा पक्का करने की 1-1 करोड की राशि इसी कंपनी के मालिक अशोक भारद्वाज ने ही दी थी। जिससे जाहिर है कि शिवराज सरकार की बुनियाद इसी बांध के भृष्टाचार पर टिकी हुई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री जानते हैं कि यदि इस घोटाले की परतें उतरती हैं तो मुख्यमंत्री और सिंधिया ही लपेटे में आएंगे। इसीलिए वे इस पर राजनीति न करने के उपदेश दे रहे हैं। पार्टी ने इस घोटाले की जांच करने के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग की है।



# ऐसे पहचान सकते हैं रीढ़ की हड्डी में होने वाले दर्द को, ये हैं लक्षण और बचाव: डा. आशीष अग्रबाल

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** इंसान के शरीर के हर एक अंग की अपनी खासियत है। अगर इनमें से किसी में भी तकलीफ, दर्द या ये खराब हो जाए तो व्यक्ति को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक चीज है दर्द। हमारे शरीर में कई तरह का दर्द उठता है। कभी सिर दर्द, कभी पैर दर्द तो कभी जोड़ों का दर्द। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रीढ़ की हड्डी में होने वाला दर्द काफी खतरनाक हो सकता है? शायद नहीं, तो चलिए हम आपको इसके लक्षण से लेकर इस दर्द से बचने के तरीकों के बारे में बताते हैं, ताकि अगर आपको ये दर्द हो तो आप इसे पहचान सकें और इसका उपचार भी कर सकें। दरअसल, कम्प्रेसिव मायलोपैथी नाम की ये बीमारी हमारी रीढ़ की हड्डियों को संकुचित करते हुए उन्हें कमजोर कर देती है। वैसे तो ये बीमारी पचास साल की उम्र के बाद शुरू होती है, लेकिन कई बार कई अन्य कारणों की वजह से ये बीमारी इंसान को काफी कम उम्र में भी घेर लेती है। इस दर्द में इंसान को काफी पीढ़ा का सामना करना पड़ता है और ये कभी ऊपर से नीचे की और तो कभी नीचे से ऊपर की और बढ़ता है। इस दर्द के लिए लोग कई तरह की दवाइयों का भी सेवन करते हैं, लेकिन कई बार उन्हें इनसे भी ज्यादा आराम नहीं मिल पाता है। इस बीमारी के कई कारण हो सकते हैं, जिसकी वजह से हमें इस तरह की समस्या हो सकती है। रूमैटिक गठिया के कारण गर्दन के






जोड़ों को नुकसान पहुंच सकता है, जिसकी वजह से गंभीर जकड़न और दर्द पैदा हो सकता है। आमतौर पर रूमैटिक गठिया गर्दन के ऊपरी भाग में होता है। वहीं, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस रीढ़ से संबंधित समस्याओं के कारण जब स्पाइनल कैनाल सिकुड़ जाता है, तब स्पाइनल कॉर्ड पर अधिक दबाव बढ़ जाता है। स्पाइनल ट्यूमर, स्पाइनल टीबी और स्पाइनल में संक्रमण इस रोग के प्रमुख कारणों में से एक है।

बात इसके लक्षणों की करें, तो इस बीमारी के होने के कई लक्षण हैं। अगर आपको चलने में किसी तरह की कठिनाई होती है या फिर शरीर को संतुलित रखने में परेशानी होती है, लिखते समय समस्या होना, भोजन करने में समस्या, गंभीर मामलों में मल मूत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न होना, कमजोरी होना, सुन्नपन या झुनझुनी आने जैसी चीजों से इस बीमारी को पहचाना जा सकता है। साथ ही अगर आपकी पीठ, कमर या फिर गर्दन में दर्द या फिर किसी तरह की जकड़न महसूस होती है, तो इन्हें भी इस बीमारी के लक्षण के तौर पर देखा जाता है।

अगर आपकी रीढ़ की हड्डी में भी दर्द हो रहा है, तो आप इसके लिए कई बचाव कर सकते हैं। हम जब कुर्सी पर बैठ जाते हैं, तो धीरे-धीरे करके टेढे हो जाते हैं या फिर काफी देर तक बैठे ही रहते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आपको कुर्सी पर हमेशा सीधे अपनी पीठ सटा कर बैठना चाहिए। साथ ही थोड़ी-थोड़ी देर में उठते रहना चाहिए। अगर आप काफी देर तक गाड़ी चलाते हैं, तो आपको अपनी पीठ को किसी तकिये के जरिए सहारा देना चाहिए। रोज व्यायाम करना चाहिए। कंप्यूटर पर काम करते समय आगे की तरफ झुकने की जगह अपने कंप्यूटर के मॉनिटर को सीधा रखें, ताकि इस समस्या से आप खुद का बचाव कर सकें।

## सिंध नदी किनारे कृषि कार्य एवं पशु चराने गए 7 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** सिंध नदी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके उपरांत भी गत दिवस सिंध नदी किनारे कृषि कार्य एवं पशु चराने गए 7 ग्रामीणों फंसे होने की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। ग्राम दोनी के बचाव कार्य का नेतृत्व एसडीआरएफ के श्री धाकरे के द्वारा किया गया। सभी ग्रामवासियों को समझाइश दी गई कि कोई भी व्यक्ति नदी के किनारे बारिश के समयकाल तक ना जाए। मोहिनी सागर बांध से पूर्व सूचना दी जाकर पानी सिंध नदी में छोड़ा जा रहा है। उक्त सभी ग्रामीणों को सूचना थी इसके बावजूद भी वे सभी कृषि कार्य और पशुओं को चराने गए तथा वहीं पर फंस गए। देर शाम को रेस्क्यू नही हो सकता था उनके रात्रि के खाने की व्यवस्था की गई तथा सुबह 8 बजे सभी को निकाल लिया गया। सुरक्षित निकाले गए ग्रामीणों में ग्राम दोनी तहसील नरवर के कृषक मोहनसिंह पुत्र सुंदरलाल रावत, पंजाब सिंह पुत्र प्रताप सिंह रावत, महीप सिंह पुत्र प्रताप सिंह रावत, हरी सिंह पुत्र धनीराम रावत, जंडेल सिंह पुत्र पहाड़ सिंह रावत, परमाल पुत्र बालकिशन केवट, एवं भूरी पत्नी जोधाराम, अपने कुछ पशुओं को चराने सिंध नदी के किनारे चले गए थे। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा धारा 144 के तहत आदेश भी जारी किया है।




# माली समाज जिला अध्यक्ष सीएल सैनी ने समाज के मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ की विचार गोष्ठी

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान।** रणथंबोर रोड पर स्थित एक होटल पर बैठक आयोजित बैठक में समाज के द्वारा मांगी जा रही 11 सूत्री मांगों को लेकर विचार विमर्श किया युवा नेता जितेंद्र सैनी ने कहा समाज अपने अधिकार और हक की लड़ाई पिछले कई सालों से लड़ रहा है लेकिन सरकार हमारी समाज को कमजोर समझ कर बहुत बड़ी भूल कर रही है हम सरकार को याद दिला देना चाहते हैं आने वाली 2023 की राजनीति का सूर्य उदय माली समाज करेगा सरकार के मुखिया समाज की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें प्रहलाद सैनी ने कहा समाज के लोग एक सूत्र में बंधे हुए हैं हमें जरूरत है एक बड़ा आंदोलन करने की जिससे सरकार और सरकार के मुखिया तक यह बात पहुंचाई जा सके माली सैनी समाज के दम पर राजस्थान की राजनीति चलती है एक शो पचास विधानसभा में माली समाज का वोट बैंक निर्णायक भूमिका निभाता है छात्रावास अध्यक्ष भागचंद सैनी पार्षद कालूराम सैनी मदन मोहन सैनी जिला परिषद सदस्य कैलाश थानेदार राम किशोर सेठ कुस्तला पप्पू मुंशी मगराज सरपंच युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी कन्हैया लाल सैनी हरिशंकर सैनी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे



# दतिया मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध अस्पताल ,अब देगा आईटीबीपी के जवानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सेवा: डीन डॉ दिनेश उदेनिया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

आज दिनांक 17 अगस्त 2022 को , इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के डीआईजी श्री आनंद पाल सिंह ने अपने अधीन अधिकारियों के साथ दतिया मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध अस्पताल का दौरा किया, जिसका मुख्य उद्देश्य आयुष्मान योजना का लाभ , आईटीबीपी करेरा पोस्ट ( इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस ) के 200 किलो मीटर के दायरे में आने वाले करीब 10000 परिवारों को स्वास्थ्य लाभ दिलाना है।

चूंकि आईटीबीपी , की सबसे पुरानी पोस्ट करेरा में है और उनके लिए झांसी, शिवपुरी और ग्वालियर अपने मरीजों को भेजना पड़ता था परंतु इन स्थानों पर कई कारणों से असुविधा का सामना इन सैनिकों और उनके परिवार जनों को करना पड़ता था अतः दतिया को हर स्थिति के लिए अनुकूल मानते हुए , अपने मरीजों को सम्बद्ध अस्पताल में ओपीड़ी और आईपीडी के लिए रेफर करना चालू करने के लिए आज यह बैठक रखी गयी। डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने इस अवसर को देश सेवा का एक मौका मानते हुए अपनी सहमति दी है । इस बैठक में आईटीबीपी के डीआईजी श्री आनंद पाल सिंह , असिस्टेन्ट कमांडेंट श्री प्रवीण यादव, आईटीबीपी की चिकित्सक डॉ शेरण्या सिंह के साथ , डीन डॉ दिनेश उदेनिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह , सह अस्पताल अधीक्षक डॉ सचिन यादव , डॉ हेमन्त जैन , डॉ टीएनएस गौर, डॉ मंजुलता शाक्य उपस्थित रही। उपरोक्त जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी डॉ हेमंत जैन द्वारा दी गयी ।



# भौती थाना अंतर्गत ग्राम महोबा में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** एक संदिग्ध मामला भौती थाना अंतर्गत महोबा से आ रहा है जहां पर एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई जानकारी के अनुसार महोबा निवासी 36 वर्षीय शकुंतला पत्नी सुरेश जाटव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जबकि शकुंतला के पिता का आरोप है कि शकुंतला की ससुराल वाले लंबे समय से शकुंतला के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते आ रहे थे पिछले दो-तीन दिन पूर्व भी शकुंतला के साथ मारपीट की गई थी जिसकी जानकारी शकुंतला ने खुद फोन लगाकर अपने बेटे अतुल को दी थी शकुंतला के पति के अनुसार शकुंतला घर में रस्सी की बने फंदे पर लटकी हुई थी जिसको मेरे एवं गांव के कुछ लोगों द्वारा उतारा गया है घटना को देखते हुए मामला संदिग्ध दिखाई दे रहा है कि महिला के साथ मारपीट की गई है फिलहाल पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है पीएम रिपोर्ट आने के बाद विवेचना में खुलासा हो सकेगा की मृत्यु फांसी लगाने से हुई है या फिर मृतका को फांसी पर लटकाया गया है या फिर महिलाओं को इतना प्रताड़ित किया गया कि उसने मजबूर होकर फांसी लगा ली है



# भईया ये पन्ना जिले का शिक्षा विभाग है यहां ना तो जांच होती है ना कार्रवाई होती है यहां तो अधिकारी गजब ढाते है

## कर्मचारी मस्त अधिकारी मस्त बच्चे त्रस्त शिक्षा लस्त

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजलि टुडे**

पन्ना जिले के शिक्षा विभाग में इन दिनों भ्रष्टाचार हावी है अब वो जमाने रवाने हो गए जब खबरों पर अधिकारी संज्ञान लिया करते थे सूत्रों की माने तो अब तो खबरों पर अधिकारी अपने चेंबर में आरोपों से घिरे कर्मचारी से गलबहियां करते देखे जाते है।

सुंदरा प्रभारी प्राचार्य पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की ढेरों शिकायतों के बावजूद आज दिनांक तक कोई कार्यवाही न होना खेदजनक और शर्मनाक है।

खुलेआम पैसे मांगने जैसे गंभीर आरोपों पर किसी जिले के अधिकारी की कोई प्रतिक्रिया तक नही सुनाई दी न दिखाई दी आखिर प्रतिक्रिया आए भी क्यों कही न कही अधिकारी भी तो अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में बने रहते है वो कहते है न चोर चोर मौसेरे भाई यही कहावत इन दिनों पन्ना जिले के शिक्षा विभाग पूरी तरह से फिट बैठती है।

जहा जियो और जीने दो खाओ और खाने दो की तर्ज पर प्रशासन चल रहा है।

सुंदरा प्राचार्य पर आखिर कार्यवाही क्यों नही हो रही है इस बात को लेकर तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है कही चर्चा है की जिला शिक्षा अधिकारी रिटायरमेंट के करीब है तो जाते जाते क्यों किसी की हाय लेना तो कही चर्चा है एक मोटी रकम से अधिकारियों के मुंह बंद कर दिए गए है तो वही एक चर्चा ये भी है की नोटिस नोटिस खेल कर इस मामले का पटाक्षेप कर दिया जाएगा। आखिर ऐसे नटवरलालों पर कार्यवाही के लिए तो शायद अब भगवान को ही अधिकारी बन कर आना होगा क्योंकि जो वर्तमान में अधिकारी बन कुर्सियां तोड़ रहे है उनके बस की बात तो ये दिखती नही।





### सुंदरा प्राचार्य एक बार फिर सुर्खियों में, विश्वनाथ शुक्ला पर लगे पैसे लेने और गंभीर अनियमितताओं के आरोप

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा

शिक्षक जहां एक ओर पवित्र कर्म माना जाता है वही दूसरी ओर कुछ शिक्षक ऐसे भी है जिन्होंने शिक्षा जगत का नाम डुबाने में कोई कसर नहीं रखी है ,ऐसा ही एक मामला पन्ना जिले के अंतर्गत सुंदरा में दशकों से पदस्थ प्राचार्य विश्वनाथ शुक्ला का सामने आया है संकुल अंतर्गत कार्यरत बालकेश त्रिपाठी ने लिखित आवेदन में संकुल प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है की इनके द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से पैसे लिए जाते है वही कभी कभार विद्यालय आते है उपस्थित पंजिका जो की सरकारी रिकॉर्ड है अपने निवास सतना लेकर जाते है एवम इनके प्राचार्य रहने से विद्यालय में आराजकता का माहौल बना हुआ है,वही संकुल अंतर्गत आने वाले अशासकीय विद्यालयों के कई संचालकों द्वारा उच्चाधिकारियों को लिखित आवेदन देकर बताया गया है की टीसी में काउंटर साइन ,रिजल्ट अनुमोदन जैसे कामों में संकुल प्राचार्य शुक्ला द्वारा पैसे की मांग की जाती है,यही नहीं संचालकों द्वारा पैसे न देने पर मान्यता रद्द करने, बेवजह परेशान करने जैसी धमकी खुले आम दी जाती है।



सूत्रों की माने तो संकुल प्राचार्य जिला शिक्षा अधिकारी के कृपा पात्र है जिसकी वजह से इन पर इतनी शिकायतों के बावजूद कोई कार्यवाई नही होती है।मीडिया के जाने पर भी कई बार विद्यालय में अनुपस्थित मिले है उस दौरान न ही किसी को लिखित प्रभार देकर गए न ही आदेश पंजी सामने आई। आखिर ऐसे आरोपों से घिरे संकुल प्राचार्य पर जिला प्रशासन इतना मौन क्यों है समझ से परे है।पर इतना तो तय है की इतने गंभीर आरोपों से घिरे संकुल प्राचार्य पर जब भी जांच होगी कई चिट्ठे खुलते नजर आएंगे।

सूत्रों की माने तो इनके अधिनस्थ शिक्षक इनसे इतना डरते है की इनके हर गलत कार्य पर हामी भरते नजर आते है क्योंकि उन्हे भी प्रताड़ित करने की धमकी दी जाती है।

सूत्रों की माने तो 10 सालों से जमे संकुल प्राचार्य द्वारा शासकीय राशि का भी खुल कर दुरुपयोग किया गया है बीते 10 सालों में ,जिसकी बानगी इनकी लाइफ स्टाइल है जो की करोड़पति से कम नहीं जो एक प्राचार्य के पद पर रहते हुए संभव हो ही नही सकती।

बहरहाल यदि कुंभकर्णी नींद में सोए अधिकारी जाग गए और शिकायतों पर संज्ञान लेने लगे तो निश्चित ही बड़ी धांधली सामने आएगी। शिक्षा जगत की साख बचाने और बच्चो के भविष्य को देखते हुए ऐसी गंभीर शिकायतों पर उच्चाधिकारियों का संज्ञान लेना बहुत जरूरी है यदि ऐसा नहीं होता तो उच्चाधिकारियों की नैतिकता पर भी सवाल खड़े होना लाजमी है।


**इनका क्या कहना :** संकुल प्राचार्य द्वारा भरी अनिमितताएं कई वर्षों से की जा रही है सप्ताह में एक दो दिन स्कूल ,सरकारी दस्तावेज घर ले जाना ,शिक्षको और निजी स्कूल संचालकों को दबाव बनाकर पैसे ऐंठना इनकी कार्यशैली में शामिल हो चुका है।मैंने उच्च अधिकारियों को लिखित में शिकायत की है।इनको यहां से हटाकर कार्यवाही की जाना चाहिए।

# बरबाई गॉव में दबंगो ने रोका धोवी समाज का रास्ता धोवियो ने लगाई शासन प्रसासन से गुहार...

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह...**बरबाई गॉव में चुनावी हार से बौखलाये लोगो ने आम रास्ता को रोकने के लिये बीच रास्ते में दीबाल लगाना चालू कर दिया जिस रास्ते मे दीबाल लगाई है वहा कमजोर बर्ग धोबी समाज के 10 घर बने है और पूरे गॉव का आम रास्ता है जब धोवी समाज की रास्ता बन्द हुई तो उन्हौने मना किया तो दवंगो ने अबैध हथियार दिखाकर धमकी दी और कहा कि आपने गॉव में सरपंची के वोट नही दिये है अब आपको रास्ता नही मिलेगा आपको गॉव खाली करना पडेगा और अब इसी में भलाई है गॉव से निकल जाओ बरना दौ चार की मौत हमारे हाथ हो जायेगी डरे सहमे धोवी समाज के ब्यक्तियो ने पोरसा तहसील में आबेदन दिया और आवेदन की प्रति पुलिस थाने दी तब पुलिस के बीरेन्द्र थानेदार ने जाकर मौका देखा और कहा आपने आम रास्ते में दीबाल क्यो लगाई है तो उन्हौने कहा कि आबासी गॉव 49 बीघा में है इस आबासी गॉव की भूमि मे हमारी दो आरे जमीन निकल रही है जबकि आम रास्ता 100 से है पुलिस दौनो पार्टी को थाने बुलाकर लाई और पटबारी को बुलाया और पटबारी से पूछताछ की तो पटबारी ने बताया इनकी दो आरे जमीन नक्सा के अनुसार यहॉ पर नही है आबासी जमीन का बटबारा नही होता है इनकी जगह नक्सा के अनुसार दूसरी जगह गढी गॉव का खेरा है वहा पर निकल रही है हम सीमाकन कर जगह बता देगे परन्तु दबंगो ने सीमाकन न होने की न मान कर काम फिर चालू करबा दिया फिर आमने सामने फिर बात झगडे पर उतारू होगई 100 नम्बर डायल करके पुलिस बुलाई दौनो पार्टी के लोगो को थाने लाकर हिदायत दी जब तक सीमाकन नही जाता तब तक काम बन्द करे अभी दो दिन से काम बन्द है परन्तु सीमाकंन मे बिलम्ब होने से दीबाल बनाने को धोबी के लोगो को दवंगो द्वावारा रात को शराब पीकर गाली गलौज करते है और धमकी दी जारही है कि चुप बैठ जाओ नही तो अपनी जान से हाथ धो बैठोगे आज फिर धोवी समाज के लोगो ने पोरसा गिरधावल नरबरिया साहब से गुहार लगाई कि उनकी सही जगह बताकर हमारी आम रास्ता को रोकने से बचाये अन्यथा हमारे साथ कोई बडी अन होनी घटना घटने बाली है झगडे की आशंका है...





# अम्बाह पी जी कालेज में हुआ अंतर्राष्ट्रीय बेवीनार का सफल आयोजन




**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।**गत दिवस 16 अगस्त 2022 को अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय अम्बाह के भौतिकी विभाग द्वारा Modern Trends in Physics Research विषय FC पर एक अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफ़ेसर रामविलाश पचौरी फेलो फ्री यूनिवर्सिटी बर्लिन, जर्मनी तथा पंकज करोरिया वैज्ञानिक RAJA RAMANNA CENTER FOR ADVANCED TECHNOLOGY, DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY GOVERNMENT OF INDIA थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर शिवराज सिंह तोमर द्वारा किया गया तथा ढ्रुन्नष्ट प्रभारी डॉ विवेक कुमार जैन द्वारा मुख्य वक्ता का परिचय दिया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर श्रोत्रिय द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विद्यार्थीयों को कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान के क्षेत्र हो रहीं महत्वपूर्ण खोजों व कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्होंने बताया कि शरीर मे इलेक्ट्रिकल सिग्नल के द्वारा भविष्य में किस प्रकार हम होने वाली बीमारियों के बारे मे पता लगा सकेंगे।इसके बाद कार्यक्रम के आयोजक द्वारा सबका आभार व्यक्त किया।इस वेबिनार में बड़ी संख्या में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के साथ साथ कई अन्य संस्थानों के प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। बेवीनर का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के अति आधुनिक दृश्य श्रव्य कक्ष में किया गया। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के साथ विषय विशेषज्ञ डा. पचौरी का जर्मनी से सीधा संवाद भी आनलाइन संपन्न हुआ।

# बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कोलारस एसडीएम को दिया ज्ञापन

### विविन्न घटनाओं का किया वर्णन दलितों पर हो रहे अत्याचारों पर निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग

**अनिक कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले की कोलारस तहसील से है जहां साथ बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा कोलारस एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया उसमें उन्होंने बहुजन समाज के साथ में हो रहे थे तमाम घटनाओं एवं अत्याचारों के खिलाफ निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला जालौर (राजस्थान) में अनुसूचित जाति के बालक इन्द्रकुमार आयु 9 साल द्वारा मटके से पानी पीने को लेकर दरिन्दे शिक्षक द्वारा पीटपीटकर हत्या की गई है। जिससे पूरे देश में अजा के लोग आकोशित है, ये घटना अतिनिदनीय हैं बहुजनसमाज पार्टी इसे बर्दास्त नहीं करेगी, इसलिये परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि व आवासीय पक्का मकान व परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिलवाये जाने एवं आरोपी को फांसी की सजा दिलाई जावे व राजस्थान की कांग्रेस सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिये बहुजन समाज पार्टी यूनिट शिवपुरी मधू द्वारा मांग करती है।

पिछोर विधानसभा जिला शिवपुरी म.प्र. मे एक अनुसूचित जाति की मासूम अवैध बालिका आकांक्षा के साथ गलत कार्य बलात्कार किया जिसका प्रकरण पुलिस थाना पिछोर में पंजीबद्ध हुआ है, जिसमे उक्त दर्ज प्रकरण को फास्टटेक कोर्ट मे भिजवाये जाने और आरोपी को फांसी की सजा दिलवाई जाये और पीड़ित परिवार को अभी तक किसी प्रकार की शासन प्रशासन द्वारा पढ़ने लिखने हेतु गाय से बाहर भेजने हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान नहीं की गई है तत्काल 50 लाख रूपये दिलाई जाये।

दिनांक 21.07.2022 को ग्राम बीजरीनी थाना इन्द्रार जिला शिवपुरी में



पूर्व सत्यच खेक उर्फ कन्हैयालाल जाटव को चुनावी रचित को मानकर रात्रि मे घर से मूलाकर दबंग यादव ने हत्याकर फासी लगाकर पेड़ से लटका दिया गया जिसमे इन्दार थाना में एआईआर क्रमांक 0168 दिनांक 22.07.2022 को आरोपीगण धर्मेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, जयपाल यादव इन्द्रमान यादव पर अनुसूचित जाति की एक्ट धारा 3(2) (1) 300 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है उक्त आरोपीगण आज दिनांक तक

खुले मै घुम रहे और फरयादी पर राजीनामा के लिये दवाब बना हरे हैं उन्हे अतिशीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाये। यह कि फरयादी बलवीर कोली पुत्र श्री चिरोंजीलाल कोली निवासी जेन कॉलोनी कोलारस की मारपीट जेल कालोनी निवासी अकबर शाह द्वारा दिनांक 20.07.2022 को की गई जिसमे पुलिस थाना कोलारस ने अकबर शाह के खिलाफ धारा 294, 323, 506 3(1) (4) 3(1) (घ) 3(2)(ङ्क) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसी अपराधी द्वारा पुन एक महिने बाद दिनांक 06.08.2022 को फिर से फरयादी बलवीर कोली की मारपीट की गई जिसमे पुलिस थाना कोलास्य द्वारा पुनः उन्ही धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया परंतु आज दिनांक तक अपराधी को पुलिस द्वारा गिरप्तार नहीं किया गया है। उसे तुरंत गिरफ्तार किया जायें।

तहसील कोलारस एवं बदरवास व रन्नौद मे पटवारियों द्वारा नामांतरण एवं बटवारे मे किसानों से अवैध वसूली बड़े पैमाने पर हो रही है। इस पर अतिशीघ्र रोक लगाई जाये

कोलारस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांव में अवैध देशी एवं विदेशी शराब की विक्री पर बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर अतिशीघ्र रोक लगवाई जाये।

71 विद्युत फोटर खरई से गांव सुआटोर रामपुरा, कुदौनिया गणेश, भैडोन इमलिया, अटामानपुर करीब एक दर्जन गांव में बीपीएल लाईट आज तक नहीं है। खरई फीटर पर लाईमैन एवं ऑफिरेटर की मनमानी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में 5-5 दिन तक लाईट नहीं पहुंचती जिससे गांव में ट्यूब न चलने के कारण पानी को भी लोग परेशान रहते है यह कि ग्राम सैमरी में कई वर्षों से गांव मे लाईट नहीं है जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणजनो द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियो को दी गई लेकिन आज तक लाईट नही पहुंची है। ग्राम अमरपुर में अम्बेडकर पार्क की भूमि पर दबंग लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है जिससे तत्काल हटवाया जाये।

वार्ड क्रमांक 11 मानीपुरा कोलारस में रविदास भवन का निर्माण नगर परिषद द्वारा 4 वर्ष पूर्व कार्य किया गया है जो अभी तक पूर्ण नही हुआ जिसमे ठेकेदार में भवन में गेट बीबकी एवं लाईट फिटिंग तथा पीताई आज दिनांक तक नहीं किया गया है। जो कि नगर परिषद कोलारस तुरंत संबंधित ठेकेदार को सूचित कर कार्य पूर्ण करवाया जाये। रविदार भवन ग्राउण्ड की फैसिंग विधायक निधि राशि 2,70,000/- रूपये से कार्य किया गया जो अभी तक पूर्ण नहीं है जिसको पूर्ण करवाया जाये।

दिनांक 25.07.2022 को ग्राम टामकी थाना कोलारस में गुर्जर समाज का मोनू गुर्जर पुत्र श्री पंचमसिंह गुर्जर सिंध नदी के डेम में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई इसलिय मृतक के परिवार को सहायता राशि दिलवाई जाये।यह कि, म.प्र. और राजस्थान की दलित विरोधी सरकारों में अपराधी निरंकुश है और सरकार के द्वारा बेटी पढाओ व बेटी बचाओ महिला एवं मासूम देया सुरक्षित नही है। अनुजा जनजाति के लोगो पर सरेआम छुआछूत की भावनाओं को लेकर सरेआम हत्यायें की जा रही है अपराधियों को तत्काल गिरतार कर जेल भिजवाया जावे एवं आरोपियो की चल अचल संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर नष्ट कर भूमि को राजसात किया जाये एवं पीडित परिवारों को तत्काल प्रभाव से आर्थिक सहायात राशि एंव मदद करवाये जाने की बहुजन समाज पार्टी यूनिट शिवपुरी म.प्र. मांग की

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजित आयोजक द्वारा महेन्द्र को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** =आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मानव सेवा समिति द्वारा नागरभावी क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत प्रातः 9=00 से 3=00 बजे तक आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया एकत्रित रक्त का संग्रहण बेंगलुरु रुधिर संस्थान ने किया आयोजकों ने मुणोत को माला पहनाकर सम्मानित किया।

### संतान की लंबी उम्र की कामना को लेकर माताओं ने हलषष्ठी का व्रत रखा , पूज़ा अर्चना की'



**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**साजा ग्राम सिघनपुरी-** नगर सहित आसपास अंचल में हलषष्ठी का पर्व संतान की दीर्घायु की कामना को लेकर माताओं ने उपवास रहकर मनाया। यह व्रत मान्यता के अनुसार हलषष्ठी (कमरछट) भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी मनाई जाती है। छत्तीसगढ़ में यह त्यौहार कमरछठ के नाम से मनाया जाता है। इस दिन घरों और मंदिरों में तालाब के प्रतिरूप स्वरूप सगरी बनाई जाती है। महिलाएं इकट्ठा होकर पसहर चावल, काशी फूल, महुआ पत्ते, लाई अर्पित कर भगवान शिव और सगरी की पूजा-अर्चना करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती है,बच्चे स्वस्थ और खुशहाल रहें। पूजा अर्चना में प्रमुख प्रीती तिवारी शशि तिवारी और ग्राम की समस्त महिलाए उपस्थित रही

## गोहद की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर माकपा ने पुलिस अधीक्षक के नाम गोहद एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-भिंड।** प्रेम नारायण माहोर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार बीते रोज गोहद कस्बे में राम कुमार लोहिया के घर पर दिनदहाड़े हुई लूट डकैती एवं उनकी बिटिया रिंकी की हत्या के विरोध स्वरूप कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाए जाने की मांग को लेकर आज बुधवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता गोहद थाने पर एकत्रित हुए और पुलिस अधीक्षक के नाम गोवध एसडीओपी को मांग पत्र सौंपा उसकी एक प्रति राज्यपाल के नाम व एसडीएम को भी दी गई जिसमें 5 दिवस में कार्रवाई ना होने एवं दोषियों को गिरफ्तार कर जेल में नहीं भेजने पर आंदोलनात्मक कदम उठाए जाने की चेतावनी माकपा ने सौंपे अपने ज्ञापन में दी है जिसमें माकपा ने निष्क्रिय थाना प्रभारी के स्थान पर सक्रिय थाना प्रभारियों की पदस्थापना किये जाने, पुलिस गश्त में तेजी लाये जाने, लूट हत्या में शामिल दोषी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने, लूट हत्या के शिकार रामकुमार लोहिया की सुरक्षा एवं परिवार को 5 करोड़ का मुआवजा देने ,गोहद गोलंबर पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड कृषि मंडी तिराए पर पुलिस चौकी कायम करने, जुआ सट्टा मोहल्लों में अवैध रूप से बिक रही शराब और अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाते हुए दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने, पुलिस मिलीभगत से हो रही माफियाओं की अवैध



वसूली पर रोक लगाने ,वैसली बांध में संदिग्द हालत में मिली अनिल माहौर लाश के लिये दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई जिसमें 5 दिवस का समय दिया गया है कार्यवाई ना होने पर माकपा द्वारा आंदोलन कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने गए माकपा नेताओं में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर माकपा जिला सचिव ओपी बाथम माकपा जिला समिति सदस्य नारायण शर्मा नारायण माहौर राकेश प्रजापति शोभा माहौर रशीद खान नारायण माहौर राजेश शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर के अलावा हरविलास माहौर सहित आधा सैकड़ा माकपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद थी।

## स्वतंत्रता दिवस एवं आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य वृक्षारोपण , स्वल्पाहार एवं भोजन का आयोजन किया गया।




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर ।** स्वतंत्रता दिवस एवं आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गिर्राज जी महाराज की कृपा से नारायण धाम वृद्धाश्रम एवं बाल आश्रय गृह लक्ष्मीगंज पर ध्वजारोहण, चित्रकला प्रतियोगिता , नृत्यकला प्रतियोगिता , वृक्षारोपण , स्वल्पाहार एवं भोजन का आयोजन किया गया। तथा इसके बाद जयारोग्य अस्पताल पर बीमार व्यक्तियों के परिजनों हेतु भोजन उपलब्ध कराया गया। जोकि संस्था का विंशति कार्यक्रम था। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी अतिथियों, बढ़ चढ़कर हाथ बढ़ाने वाले एवं पिछले कुछ दिनों से दिन रात मेहनत करने वाले सभी सहयोगियों का सहृदय धन्यवाद। प्रतियोगिता में भाग लेने एवं जीतने वाले सभी प्रतियोगियों को बहुत बहुत बधाई। संस्था सेवा क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले श्री विश्वम्भर भैया एवं श्री प्रवीण राठौर जी को बहुत बहुत बधाई।। **जय हिंद , जय भारत।।**




## जीत मार्वल का कर्मचारी गोदाम मैं पीछे पाट से दबा मिला

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के जिला चिकित्सालय से है बताना होगा कि एक मजदूर को घायल अवस्था में जिला



अस्पताल में भर्ती कराया गया डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार गगन नामदेव पुत्र ओमप्रकाश नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी बाबू क्वाटर रोड मूर्तीयों पर पेंटिंग का काम करता था तभी आज जीत मार्बल बाबू क्वार्टर रोड के पीछे महिला एवं बच्चों ने जब घायल मजदूर को पटियों के नीचे दबा हुआ देखा तो तुरंत ही जीत मार्बल के मालिक लेबर के साथ पीछे पहुंचे जहां उन्होंने पाटो को हटाकर मजदूर को बाहर निकाला बताना होगा कि मजदूर तड़प रहा था और घंटों तक पटियों के नीचे दबा हुआ था तुरंत ही उसको जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर परिजनों को सूचना दी गई लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया, इसके बाद भी परिजन मृतक को सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ले गए. वहाँ भी मजदूर को मृत घोषित कर दिया गया, पुलिस मामले की जाँच में जुट गई हैं

## सत प्रतिशत परिणाम देने के लिए संस्कार स्कूल को किया सम्मानित

**पुष्पांजलि टुडे नरेश कुमार सीरवी**

**पाली।** फालना आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह में नगर पालिका खुडाला-फालना द्वारा मा.शि. बोर्ड में सत् प्रतिशत परिणाम के लिए संस्कार माध्यमिक



विद्यालय फालना की व्यवस्थापिका शोभा राजपुरोहित को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। व्यवस्थापिका राजपुरोहित ने बताया कि विद्यालय के छात्र अजयपाल सिंह को मा.शि.बोर्ड में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया । साथ ही वहाँ विद्यालय की छात्राओं द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति के लिए तीसरा स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की पुरी टीम को ट्रोफी देकर सम्मानित किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाली छात्राएँ सोनु,दिव्या,आहाना,मनिषा, आलिया,टिंकल,निशा,सिमा,विधि दिक्षा व सिमरन रही व सास्कृतिक प्रभारी मेम वर्षा भाटी व सोनु बैरवा साथ ही कविता राजपुरोहित,शोभा गोस्वामी,सरोज मैम,मोनिका बेरवा,श्लाका मेम व सर नितिन राजपुरोहित उपस्थित रहे

## आजादी के अमृत महोत्सव पर भाजपा मंडल मौं के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा।

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौं- भिंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत आज भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के नेतृत्व में पूरे जोश एवं जज्बे के साथ तिंरगा बाइक रैली निकाली बाइक रैली के आगे आगे राष्ट्रीय गीत बजाते हुए डीजे बैंड चल रहा था एवं उसके पीछे पीछे भाजपा के सैकड़ो युवा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ हाथों में तिरंगा लिए अपनी अपनी मोटरसाइकिल पर भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री रघुबीर सिंह पवैया एवं विशेष अतिथि के रुप में जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार एंव नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव मौजूद थे इस



अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ नेता श्री रघुबीर सिंह पवैया ने कहा कि हमें खुशी है कि आज हमारा पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक आह्वान पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है आज हमारे युवाओं ने जिस प्रकार बारिश के बावजूद तिरंगा बाइक रैली निकाली इसके लिए मैं युवाओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं देश के प्रति इसी प्रकार की राष्ट्रभक्ति जज्बा अपने दिलों में हमेशा रखना चाहिए एवं हम सबको आपसी मतभेद भुलाकर आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाते हुए अपने अपने घरों में तिरंगा अवश्य लगाना चाहिए फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर घर तिरंगा अभियान सफल हो सके एवं हमारे बच्चों ओर हमारे आसपास देशभक्ति का जज्बा पैदा हो अंत में आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद के उपाध्यक्ष पंकज कुशबाह किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर्वत जादौंन रामख्तयार गुर्जर युवा मौर्चा अध्यक्ष बकील यादव पिं बर्ग मोर्चा अध्यक्ष हरीराम राठौंर बीरेन्द यादव फोजी कोमल यादव रघुराज गुर्जर जितरबई रामकुमार जादौंन अतुल राजपूत मंण्डल महामंत्री राजू मिश्रा सुल्तान मौर्य शतीष परिहार सोनू खांन रामनरेश कुशबाह बैनीराम कुशबाह बेताल कुशबाह धर्मैन्द राणा रामू कुशबाह सुरेश छारी हरनारायण कुशबाह मैहबूब खांन डां बेताल गोड बलबीर गोयल पूरन गोयल राकेश कुशबाह बीर सिंह कुशबाह शतीष कुशबाह महाबीर कुशबाह रुपाबई अबदेश यादव अजय झां सोमबीर सिबहरे रामकेश गुर्जर अमजद खांन दीपक यादव नीटू यादव बिमल कुशबाह सहित सैकड़ों युवा शामिल थे।

## देश की संस्कृति के संरक्षण में नृत्य क्षेत्र की अहम भूमिका

### पूर्व डिप्टी मेयर हेमलता गोपालय्या ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** =अमृत महोत्सव के स्वर्ण मुहूर्त पर, चिगुरु सांस्कृतिक और धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 13/8/2022 को मल्लथल्ली कलाग्राम हॉल, बैंगलोर में नंदगोकुला नामक देश के लिए एक नृत्य समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व डिप्टी मेयर हेमलता गोपालय्या ने कार्यक्रम का



उद्घाटन किया और नृत्य कलाकारों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित मंजम्मा जोगती ने की। कर्नाटक शिल्पकला अकादमी के रजिस्ट्रार, बच्चों के निदेशक आर. चंद्रशेखर ने कहा कि एक नर्तक के लिए गुरु के प्रति समर्पण और समर्पण बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध एथलीट श्रीमती जयंती ने कहा कि सभी बच्चे अचीवर बनें क्योंकि उनकी उपलब्धि देश का उत्थान और देश का भविष्य है। कार्यक्रम में कर्नाटक संस्कृति विभाग के सहायक निदेशक और संयुक्त निदेशक ने भाग लिया। जबकि श्रीमती। दीप्ति की टीम ने की कृष्ण लीला... विदुषी वसुंदरा एन देवराज की टीम ने पूरे दशावतार कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। रश्मि के नन्हे-मुन्नों ने कृष्णा का डांस कर दर्शकों को अवाक कर दिया। हमसलेखा और शमिता का नृत्य प्रदर्शन भी मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। विदुषी आशारानी और पूजा शंकरनूर के नृत्य प्रदर्शन ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मधुकुमार टीम द्वारा पूजा कुनीता सुग्गी नृत्य सहित लोक मनोरंजन भी कला प्रेमियों के लिए एक उपचार था। कार्यक्रम की एक विशेष विशेषता भानुमती के शिष्य पद्मविजय द्वारा कृष्ण नृत्य प्रदर्शन था, जिन्होंने वृष्णा रात्रिभोज के साथ-साथ प्रसिद्ध नृत्य गुरुओं को भी परोसा बेंगलुरु के कई जिलों सहित मैंगलोर, मैसूर, कोडागु, चिक्कमंगलुरु क्षेत्र से कला सैनिक पहुंचे हैं और अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया है।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राही को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित होना चाहिए

### संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना

### केन्द्रीय दल ने बाल भवन में सेल्समैन एवं हितग्राहियों से की चर्चा



ग्वालियर। राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 1.19 करोड़ परिवारों के 5 करोड़ 9 लाख हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें अंत्योदय परिवार को प्रति परिवार 35 किलो खाद्यान्न एवं प्राथमिक परिवारों को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य के मान से एक रूपए किलो की दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 2013 के लिये गठित केन्द्रीय दल के साथ बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, भारत सरकार के एनएफएसए की संचालक डॉ. मोनिका सिंह, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, संचालक खाद्य विभाग श्री दीपक सक्सेना, उप सचिव भारत सरकार श्रीमती सरोजनी रावत एवं उनकी टीम उपस्थित थी।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में भारत सरकार की संचालक एनएफएसए डॉ. मोनिका सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित हो। कोई भी पात्र हितग्राही खाद्यान्न की उपलब्धता से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपात्र लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सूची से हटाने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बताया गया कि अब देश में कोई भी हितग्राही राशनकार्ड के माध्यम से देश के किसी भी कौने में राशन प्राप्त कर सकता है। वन नेशन वन कार्ड को लागू किया गया है। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकारों द्वारा तीन हजार करोड़ रूपए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए व्यय कर रही है। 81 करोड़ 35 लाख लोगों को देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जरूरतमंद हितग्राहियों को प्रतिमाह खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खाद्यान्न की उपलब्धता से वंचित नहीं रहना चाहिए। ग्वालियर कलेक्टर द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के घर पर राशन पहुँचाने की जो पहल की गई है वह बहुत ही सराहनीय है और इसे सभी जगह लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को राशन की पर्ची की उपलब्धता का कार्य भी सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। कोरोना काल में मध्यप्रदेश में जरूरतमंदों को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में खाद्य विभाग के संचालक श्री दीपक सक्सेना ने कहा कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सेल्समैनों के साथ-साथ हितग्राहियों को भी बुलाकर उनकी समस्याएँ सुनने और उनके निराकरण की पहल की जा रही है। केन्द्रीय दल द्वारा भी ग्वालियर, दतिया का भ्रमण कर दुकानों का निरीक्षण व हितग्राहियों से चर्चा की गई है।

संचालक श्री दीपक सक्सेना ने कहा कि मध्यप्रदेश में पूरी गारंटी के साथ हर पात्र हितग्राही के घर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मध्यप्रदेश में 125 लाख परिवारों को राशन पहुँचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण कराने के कार्य में सभी का सहयोग मिल रहा है। वन नेशन वन कार्ड के आधार पर भी अब जरूरतमंद हितग्राही देश के किसी भी कौने से राशन ले सकता है ।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के केन्द्रीय दल में संचालक डॉ. मोनिका सिंह एवं उप सचिव श्रीमती सरोजनी रावत और उनकी टीम ने हितग्राहियों और सेल्समैनों से भी विस्तार से चर्चा की और अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न की उपलब्धता के संबंध में अगर कोई भी दिक्कत हो तो उसकी जानकारी जिला प्रशासन को अवश्य दें ताकि उसका निराकरण हो सके।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# गोपाल मंदिर पर होगा भव्य जन्माष्टमी महोत्सव



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर पर 19 अगस्त 2022 को बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से जन्माष्टमी महोत्सव में फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर स्थित कृष्ण एवं राधा को उनके प्राचीन आभूषणों से सुसज्जित किया जाता रहा है। तब से प्रतिवर्ष गोपाल मंदिर की जन्माष्टमी कार्यक्रम में उक्त गहने तथा भगवान के सोने-चांदी के बर्तन व सजावट का सम्पूर्ण सामान भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बैंक लॉकर से लाकर भगवान का श्रृंगार किया जाता है।

उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस बल के साथ बैंक लॉकर से भगवान के आभूषण तथा श्रृंगार सामग्री एवं पात्र निकालकर लाये जायेंगे तथा इनकी सफाई इत्यादि कर भगवान का श्रृंगार किया जायेगा। दोपहर 2 बजे से भगवान के दर्शन आम नागरिकों के लिये खोले जायेंगे। रात्रि में 1 बजे के बाद भगवान के उक्त आभूषण पुलिस बल के साथ जिला कोषालय में जमा कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण मंदिर में पुलिस बल तथा क्लॉज सर्किट कैमरे लगाकर पल-पल की वीडियोंग्राफी की जावेगी। वहीं इस अवसर पर नगर निगम के इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन के लिये गोपाल मंदिर पर विशेष साज-सज्जा व आर्कषक विद्युत व्यवस्था की गई है।

### मनोहारी होगा भगवान राधा कृष्ण का श्रृंगार

राधाकृष्ण के श्रृंगार में नगर निगम द्वारा बैंक लॉकर में संचित करोड़ों रू. कीमत के गहने उपयोग किये जायेंगे जिसमें सफेद मोती वाला पंचगढ़ी हार लगभग ढाई लाख कीमत का, सात लढ़ी हार जिसमें 62 असली मोती और 55 पन्ने होंगे। सन् 2007 में इनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 से 10 लाख रू. आंकी गई थी, इसके अलावा सोने के तोड़े तथा सोने का मुकुट कृष्ण पहनेंगे जिनकी कीमत भी लगभग 20 लाख रू. है। गोपाल मंदिर की राधाजी का ऐतिहासिक मुकुट जिसमें पुखराज और माणिक जणित के पंख है तथा बीच में पन्ना लगा है, तीन किलो वजन के इस मुकुट की कीमत आज की दरों पर लगभग 80 से 90 लाख के बीच आंकी गई है तथा इसमे लगे 16 ग्राम पन्ने की कीमत लगभग 6,46,000/- आंकी गई। राधाकृष्ण के नकसिक श्रृंगार के लिये लगभग साढ़े पांच लाख रू. के जेबर उपलब्ध हैं जिनमें श्रीजी तथा राधा के झुमके, सोने की नथ, कण्ठी, चूड़ियां, कड़े इत्यादि से भगवान को सजाया जायेगा। भगवान के भोजन इत्यादि के लिये भी प्राचीन बर्तनों की सफाई कर इस दिन भगवान का भोग लगाया जावेगा। लगभग 25 लाख रू. कीमत के चांदी के विभिन्न बर्तनों से भगवान का भोग अराधना होगी। जिनमें भगवान की समई, इत्र दान, पिचकारी, धूपदान, चलनी, सांकड़ी, छत्र, मुकुट, गिलास, कटोरी, कुंभकरिणी, निरंजनी आदि सामग्रियों का भी कल प्रदर्शन किया जावेगा।

# डेंगू - मलेरिया पर नियंत्रण के लिए साझा प्रयास जारी



### वार्ड-53 मुंशी मोहल्ला में चलाया अभियान

ग्वालियर। जिला स्वास्थ्य समिति व एम्बेड परियोजना फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शहर में डेंगू व मलेरिया पर नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को वार्ड स्तरीय स्टेक होल्डर कंसल्टेसन का आयोजन नगर के वार्ड-53 के पार्षद की मौजूदगी में मुन्शीयों के मोहल्ला में किया गया। इस आयोजन में गोदरेज मुम्बई से आई टीम ने भी सहभागिता निभाई। इस वार्ड स्तरीय जनजागरूकता कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्थानीय विद्यालय के शिक्षक, स्थानीय स्वयं सेवक व क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान डेंगू मलेरिया फैलने व इसकी रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही मच्छरों के लार्वा नष्ट करने के तरीकों व लक्षणों एवं डेंगू व मलेरिया के इलाज के विषय में विस्तार से समझाया गया । इस अवसर पर स्थानीय स्वयं सेवकों द्वारा मुन्शी मोहल्ले में डेंगू नियंत्रण के लिए घर-घर जाकर लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्षद द्वारा अपने वार्ड को डेंगू-मलेरिया मुक्त बानाने का संकल्प दिलाया। साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों ने आग्रह किया कि वे अपने घरों में मच्छरों का लार्वा नहीं पनपने दें।

### आयुष्मान कार्ड धारकों को मिल रही विश्वस्तरीय कैंसर सर्जरी की सुविधाएं आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में

**कमांडो सर्जरी जैसी जटिल सर्जरी का सफल ऑपरेशन कर मरीज की बचाई जान**

ग्वालियर। गत दिवस में श्री शिव लाल (बदला हुआ नाम) उम्र 60 वर्ष कई वर्षों से मुंह के छालों से परेशान था आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के डॉ विनोद मुदगल ( वरिष्ठ कैंसर सर्जन) से परामर्श लिया तो परीक्षण में पाया गया कि मरीज मुंह के कैंसर से ग्रसित है और मरीज को कमांडो सर्जरी की आवश्यकता है यह अत्यंत जटिल सर्जरी में से एक है और डॉक्टर विनोद मुदगल जो कि एक जाने-माने वरिष्ठ कैंसर सर्जन हैं ने बहुत ही परिपक्वता के साथ कमांडो सर्जरी कर मरीज की जान बचाई । वर्तमान में मरीज पूर्णता स्वस्थ हैं और अपना सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है।

# थाईलैंड में इलाज करा रहे नीव अग्रवाल के ईलाज के लिये

### विधायक डॉ. सिकरवार ने पीड़ित परिवार को साढ़े छह लाख रूपये की मदद की



ग्वालियर। ग्वालियर के व्यवसायी मनोज अग्रवाल के पुत्र नीव अग्रवाल थाईलैंड के बैंकाक हॉस्पीटल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। इस दुःखद खबर के मिलते ही महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने दो लाख रूपये, विधायक डॉ. सतीश सिरकवार के छोटे भाई सुमावली के पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने दो लाख रूपये की पीड़ित परिवार को नकद सहायता प्रदान की। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अन?य सहयोगियों से परिवार हॉस्पीटल के संचालक डॉ. दीपक यादव से एक लाख रूपये, व्यवसायी राजू कुकरेजा से एक लाख रूपये एवं जी.वाय.एम.सी क्लब के सचिव रंजीत पंजबानी से पचास हजार रूपये पीड़ित परिवार को उपलब्ध करवायें हैं। यानि कुल साढ़े छहः लाख रूपये विधायक डॉ. सिकरवार ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध करवाये हैं।

विधायक डॉ. सिकरवार ने समाज के सभी वर्गों से सहयोग का आग्रह करते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से मांग की हैं कि इलाजरत नीव अग्रवाल को भारत लाने एवं उनके इलाज के लिये पर्याप्त इंतजाम करें, ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके।

# महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे प्रथम 'उदभव अन्तर्राष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव का शुभारंभ

### उदभव , अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सेन्ट्रल अकेडमी स्कूल का संयुक्त आयोजन




ग्वालियर। उदभव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान अपनी स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष में अपने नवगठित प्रकल्प ''उदभव साहित्यिक मंच'' के तत्वावधान में सेन्ट्रल अकेडमी स्कूल एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सहयोग से ''प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव'' का आयोजन कर रहा है । चार दिवसीय उत्सव का शुभारम्भ 27 अगस्त शनिवार को दोपहर 12 बजे भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्ध संस्थान परिसर में मध्य प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगुभाई पटेल करेंगे।

उदभव के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक श्रीधर पराडकर ने पत्रकार-वार्ता में बताया कि राज्यपाल के शुभारम्भ समारोह के उपरान्त प्रथम सत्र आयोजित किया जायेगा जिसमें ''ग्वालियर-चम्बल अंचल का साहित्यिक अवदान'' विषय पर वक्ता अपने विचार रखेंगे ।

28 अगस्त को दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में विद्यार्थियों हेतु ''वाद-विवाद'' प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा अपरान्ह 1 बजे से द्वितीय मुख्य सत्र में ''भारतीय साहित्य परम्परा'' तथा तृतीय सत्र में 4 बजे से ''युवा पीढ़ी और साहित्य'' पर चर्चा होगी । 29 अगस्त को तीसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में विद्यार्थियों के लिए कहानी प्रतियोगिता होगी। चतुर्थ मुख्य सत्र 1 बजे से आयोजित होगा जिसका विषय ''रंगमंच, चित्रपट और साहित्य के अर्न्तसम्बन्ध'' होगा । पंचम सत्र में 4 बजे से ''लोक साहित्य, यात्रा साहित्य और समाज'' विषय पर आमंत्रित अतिथि अपने विचार रखेंगे। 30 तारीख को प्रातःकालीन सत्र में विद्यार्थियों हेतु ''स्वरचित काव्यपाठ'' तथा अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार एवं गैर हिन्दी भाषी साहित्यकारों का विशेष सत्र एवं समापन समारोह आयोजित किया जायेगा । सेन्ट्रल अकेडमी के संचालक श्री विनय झालानी एवं उदभव के सचिव दीपक तोमर ने बताया कि ग्वालियर में साहित्य का महाकुम्भ आयोजित किया जा रहा है । जिसमें फिल्म, शिक्षा, तकनीकी, प्रशासन, प्रकाशन, कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों से देश के कोने-कोने से ख्यातिनाम साहित्यकार न केवल विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा एवं उन्हें सुरक्षा देने में राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है

**भाजपा अजा मोर्चा ने राष्ट्रपति महोदया के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे ने बुधवार को ग्राम सुराणा जिला जालोर राजस्थान में मासूम छात्र के साथ हुई घटना में आरोपी षिक्षक छैलसिंह के उपर उचित कार्रवाई करने हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिलाधीश महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विगत दिनों राजस्थान जिले के जालौर के विद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र इंद्रकुमार मेघवाल को इसलिए बेरहमी से पीटा क्योंकि उसने शिक्षक छैलसिंह की मटकी से पानी पी लिया। इस मारपीट के कारण इंद्रकुमार मेघवाल की अहमदाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

आजादी के 75 वर्ष बाद भी छुआछूत की यह गंभीर विचारधारा देष के लिए भी एक खतरा है, अगर इस घटना को संज्ञान में लेकर आरोपित के उपर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो इस तरह की घटना देष के अंदर आगे भी बढ़ावा देंगी। इस अवसर पर रामेश्वर भदौरिया, मनीष राजौरिया, राजू सेंगर, संतोष गोडयाले, धर्मेंद्र आर्य, गुरुमुख करोसिया, अर्जुन जाटव, राजेन्द्र महोबिया, प्रेम मंडेलिया, गब्बर जाटव, सुनील नगेले, पोहप सिंह जाटव, गोपाल जाटव, नन्द किशोर माहौर, राजा खटीक, अन्नू करोसिया, अमन वाल्मीकि, हिमांशु शाक्य, संजय राजे, अमृत लाल शाक्य, रोहित चावड़िया, कमल खटीक, अनिल पारस, रवि कौशल, पन्नालाल खेरिया, नरेंद्र शाक्य, मुन्नालाल जाटव, श्रीमती वर्षा सुमन, श्रीमती सीमा माहौर, श्रीमती निष्ठा सिंह, राजा करोसिया, अम्मू कुशवाह, मुट्ठी चौहान, आशीष बोहरे आदि बड़ी संख्या में मोर्चे के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा पं. दीनदयाल मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी घोषित

ग्वालियर। भाजपा प्रदेष अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा जी एवं प्रदेष महामंत्री एवं प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्री रणवीर सिंह रावत के निर्देषानुसार एवं ग्वालियर महानगर के जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी की अनुषंसा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं मंडल अध्यक्ष चेतन मंडलोई की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्वालियर महानगर के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र चौरसिया ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्वालियर महानगर के पं. दीनदयाल मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है जो इस प्रकार हैः- उपाध्यक्षगण सुरेष सेन, बनवारीलाल प्रजापति, राजू सेन, सुनीता किरार, श्रीमती रजनी कुषवाह, नवीन पाल, श्रीमती मनीषा विष्वकर्मा, विजय कुषवाह, कार्यकारिणी सदस्य अजय कुषवाह शामिल है।

### आचार्यश्री विद्यासागर के जीवन पर अंतर्यायात्री महापुरुष दा वाकिग गाड फिल्मी 19 दिखाई जाएगी

ग्वालियर। आचार्य श्री प्रसन्न सागर अंतर्मना गुरुभक्त परिवार एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी के भक्तो के सयुक्त तत्वाधान में जैन समाज के सबसे बड़े संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के जीवन पर शिरोमणि क्रिएशंस प्रोडक्शन हाउस द्वारा श्री अनिल कुलचेनिया जी के निर्देशन में बनी फिल्म अंतर्यायात्री महापुरुष दा वाकिग गाड आचार्यश्री विद्यासागर जी के जीवन गाथा मूवी 19 अगस्त से 25 अगस्त कैलाश सिनेप्लेक्स ग्वालियर में प्रसारण सुबह 9-30 बजे से दिखाई जाएगी। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन एवं वी.के,डी जैन ने बताया की ग्वालियर जैन समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग सीमित स्थान एवं अधिक प्रवेश शुल्क होने से देखने और धर्म लाभ व भावनाओं को देखते हुए आचार्यश्री के जीवन गाथा पर आधरित फिल्म अंतर्यायात्री महापुरुष दा वाकिग गाड जैन समाज एवं अन्य सभी धर्म प्रेमी बंधु लाभ लें ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478